पूर्वाभा

वर्षोंके अविरत परिश्रम और सतत अध्यवसायसे श्रीसुतीक्ष्ण मुनि उदासीनजीने गाथा-संवत्सरीकी रचना करके हिन्दी-साहित्यका विशेष रूपसे उपकार किया है। इस ग्रन्थका उपयोग सामाजिक जीवनके विभिन्न क्षेत्रोंमें उत्तरदायित्वपूर्ण कार्य करनेवाले अध्यापक, नेता, वक्ता, लेखक, सम्पादक आदि तो भली भाँति कर ही सकते हैं किन्तु वे सब अन्वेषक भी इससे लाभान्वित हो सकते हैं जो विभिन्न प्रकारके ज्ञान-विज्ञान तथा उनके विभिन्न पक्षोंका विस्तृत अध्ययन करनेमें संलग्न हैं। गाथा-संवत्सरी केवल विमर्श-ग्रन्थ (रेफ़रेन्स बुक) के रूपमें ही उपादेय नहीं है वरन् इसके द्वारा विश्वमें निरन्तर होती रही हुई घटनाओं और महत्त्वाकांक्षी अथवा लोकसेवक महापुरुषोंके-द्वारा मानव-जीवनमें उत्पन्न की हुई क्रान्तियोंका ऐसा क्रमिक ज्ञान भी हो सकता है जिसके पढ़ने मात्रसे कोई भी व्यक्ति विश्वमें होनेवाली विभिन्न मानवीय प्रवृत्तियोंके पारस्परिक सम्बन्ध और प्रभावका परिज्ञान करके वर्त्तमानको सुधारनेका प्रयास करनेके साथ-साथ उन मूलों तथा प्रयोगोंका भी निरीक्षण और परीक्षण कर सकता है जिनके कारण विश्वमें

अनेक प्रकारकी दुर्घटनाएँ घटित हुई अथवा जिनकी सत्प्रेरणासे मानव-मात्रको नई ज्योति अथवा ऐसे नये पथका साक्षात्कार हुआ जिसके प्रकाशमें सम्पूर्ण मानव-मात्र अपना भविष्य उज्ज्वल, उज्ज्वलतर और उज्ज्वलतम करता रह सकता है।

घटना और व्यक्ति

ससारमें सदा दो प्रकारकी प्रवृत्तियाँ हुई हैं—या तो किसी विशिष्ट व्यक्तिने मनुष्य-मात्रको प्रभावित करके स्वयं घटना-चक्रका संचालन किया अथवा कोई ऐसी घटना ही हो गई जिसके चक्रमें पडकर एक या अनेक व्यक्ति महत्ता या प्रसिद्धिके पदपर पहुँच गए। भारतीय भावनाके अनुसार जब-जब किसी प्रकारकी विषमता उत्पन्न होती है, सत्त्व, रज या तममेंसे किसी गुणकी प्रधानता हो जाती है, तब उनका सन्तुलन ठीक करनेके लिये स्वयं परम सत्त्व ही किसी विशेष घटनाका संचालक महापुरुष बनकर आविर्भूत हो जाता है। महापुरुषोंके इस आविर्भावके सम्बन्धमें भगवान् श्रीकृष्णने श्रीमद्भगवद्गीतामें कहा है—

> यद्यद्विभूतिमत्सत्त्वं श्रीमदूर्जितमेव वा।
> तत्तदेवावगच्छ त्वं मम तेजोंऽश-सम्भव ॥

[ससारमें जो भी कोई ऐश्वर्यवान्, शक्तिशाली अथवा

श्रीसम्पन्न दिखाई पड़ते हों उन सबको मेरे ही तेजका अंश समझो।]

वैज्ञानिक दृष्टिसे इसकी मीमांसा इस प्रकार की जा सकती है कि जब-जब किसी प्रदेशमें किसी प्रकारका अनाचार, अत्याचार या अतिचार होने लगता है तब-तब वहाँकी जनता इतनी क्षुब्ध हो जाती है कि उसीमेंसे कोई ऐसा व्यक्ति निकल पड़ता है जो प्रत्यक्ष रूपमें उस व्यापक अनाचारका सक्रिय प्रतिरोध करने लगता है। ऐसे प्रतिरोधक व्यक्तिके सहसा प्रकट होते ही पहलेसे असन्तुष्ट जनता तत्काल उसे अपना नेता मानकर उसका अनुगमन और अनुवर्त्तन करने लगती है। यह अनुवर्त्तन दोनों प्रकारका होता है—अन्यायका प्रतिरोध करनेकी चेष्टाके लिये भी और व्यक्तिके सदाचरणका अनुकरण करनेके रूपमें भी। श्रीमद्भगवद्गीतामें कहा भी गया है—

यद्यदाचरति श्रेष्ठस्तत्तदेवेतरो जनः।
स यत्प्रमाणं कुरुते लोकस्तदनुवर्त्तते॥

[श्रेष्ठ लोग जैसा आचरण करते हैं वैसा ही अन्य लोग भी आचरण करने लगते हैं क्योंकि श्रेष्ठ व्यक्ति अपने आचरणसे जिस बातको प्रामाणिक बना देते हैं उसी बातको अन्य लोग भी प्रामाणिक मानकर ग्रहण कर लेते हैं।]

इतिहासकी सृष्टि

संसारमें मानव-जीवनके विस्तृत क्षेत्रमें व्याप्त अनेक जातियों और वर्गोंका आचरण, उनकी रीति-नीति, उनका आचार-व्यवहार सब भिन्न-भिन्न रहा है क्योंकि सबकी रूढ़ियाँ, सबकी परम्पराएँ अलग-अलग क्षेत्रोंमें और अलग-अलग परिस्थितियोंमें विकसित हुई हैं। इसीलिये प्रत्येक वर्गके नेताकी मनोवृत्ति अपने वर्ग या समाजकी परम्पराओं और रूढ़ियोंसे बँधकर बनती चली आई। जहाँ उस वृत्तिने दूसरे वर्गकी भिन्न मनोवृत्तिका सम्पर्क पाया वहीं संघर्ष प्रारम्भ हो गया और उस संघर्षके कारण ससारकी बहुत बड़ी-बड़ी भीषण अथवा लोक-कल्याणकारी दोनों प्रकारकी घटनाएँ घटती गईं। इन सभी घटनाओंने और इन घटनाओंमें भाग लेने-वाले व्यक्तियोंने अपने विशिष्ट प्रभाव या शक्तिके कारण जिन ऐतिहासिक महाख्यानोंकी सृष्टि की उन्हींके आधारपर प्रत्येक देश, जाति, वग और संस्थाकी परम्पराओंने अनेक प्रकारके आचार-विचारोंकी रूढ़ियाँ बनाकर नये समाज और नये वर्ग स्थापित कर दिए। गाथा-संवत्सरीका अनुशीलन करनेसे उन सब विभिन्न समाजों और उन समाजोंमें विकसित होनेवाले व्यक्तियोंका ऐसा क्रमिक विवरण मिल जाता है कि हम उनके द्वारा केवल इतिहासकी ही शृंखला नहीं जोड़

पाते वरन् मानव-मानसके क्रमिक द्वन्द्वके भौतिक, आध्यात्मिक, सामाजिक और बौद्धिक कारण भी ढूँढ सकते हैं।

इतिहास और पुराणका सम्मान

भारतीय इतिहास और पुराण लिखनेवालोंकी एक बडी विचित्र परम्परा रही है कि उन्होंने घटनाओंका विवरण तो दिया किन्तु कहींपर किसी घटनाका संवत् नहीं दिया क्योंकि उनका लक्ष्य तो केवल घटना मात्रका विवरण देकर आचरण-ज्ञान कराना था। इसीलिये उन्होंने सांवत्सरिक क्रम देनेकी आवश्यकता भी नहीं समझी। यही कारण है कि अनेक ऐतिहासिक घटनाओंके तथ्योंसे पूर्ण पुराणोंको बहुतसे विद्वान् केवल 'गपोड़ा' कहकर उसका तिरस्कार करते रहे हैं।

प्राचीन कालमें इतिहास और पुराण दोनोंका इतना सम्मान था कि छान्दोग्य उपनिषद्ने तो इतिहास और पुराणको पंचम वेद-तक कह डाला है—

सहोवाच ऋग्वेदं भगवोऽध्येमि यजुर्वेदं सामवेदमथर्वण चतुर्थमितिहास पुराणं पचमं वेदानां वेदम्। [७।१।१]

वृहदारण्यक और शतपथ-ब्राह्मणमें भी लिखा है—

स यथा आर्द्रेन्धाग्नेरभ्याहितात् पृथग्धूमा विनिश्चरन्ति एव वा अरेहस्य महतो भूतस्य निश्वसितमेतद् यदृग्वेदो यजुर्वेदः सामवेदोऽथर्वाङ्गिरस इतिहासः पुराण विद्या

उपनिषदः श्लोकाः सूत्राण्यनुव्याख्यानानि व्याख्यानानि अस्यैव एतानि सर्वाणि निःश्वसितानि।

[बृहदारण्यक २।४।१०; शतपथ० १४।६।१०।६]

[जैसे गीले ईंधनसे निकलती हुई लपटसे अलग-अलग रङ्गका धुँआ निकलता रहता है वैसे ही ब्रह्मके निःश्वाससे ऋग्वेद, यजुर्वेद, सामवेद, अथर्वांगिरस, इतिहास, पुराण, विद्या, उपनिषद्, श्लोक, सूत्र, व्याख्यान और अनुव्याख्यान निकलते रहते हैं।] अथर्ववेद-संहिताका मत है कि—

ऋचः सामानि छन्दांसि पुराणं यजुषा सह। [अथर्व ७१।७।२४]

[यज्ञके उच्छिष्टमेंसे यजुर्वेद, ऋग्वेद, सामवेद, छन्द और पुराण उत्पन्न हुए।

शतपथ-ब्राह्मणने तो स्पष्ट रूपसे 'पुराणो वेदः' कहकर पुराणको वेद माना है।

वैदिक साहित्यमें उल्लिखित ये पुराण कौनसे और किस प्रकारके थे, इस बातका कोई प्रामाणिक विवरण कहीं प्राप्त नहीं होता। यह सम्भव है कि वैदिक साहित्यमें जिन पुराणोंका उल्लेख हुआ है वे वर्त्तमान पुराणोंसे भिन्न रहे हों और उनका आदर भी ठीक वैसा ही होता रहा हो जैसा वेदका था। किन्तु उनका स्वरूप क्या था? उनके विषय क्या थे? उनके रचयिता कौन थे? इसका कोई प्रमाण कहीं प्राप्त नहीं होता।

पुराण

विष्णु-पुराण, ब्रह्मांड-पुराण और मत्स्यपुराण आदि महापुराणोंमें पुराणके पाँच लक्षण बताए गए हैं—

सर्गश्च प्रतिसर्गश्च वंशो मन्वन्तराणि च।
वंशानुचरितं चैव पुराणं पंचलक्षणम्॥

[सर्ग (सृष्टि), प्रतिसर्ग (सृष्टिका विस्तार और नष्ट होकर पुनः सृष्टि), सृष्टिकी वंशावलि, मन्वन्तर (विभिन्न मनुओंके समय और उनकी घटनाओंका वर्णन) और विभिन्न राजवंशोंका वर्णन (अथवा विभिन्न जातियोंका वंश-वर्णन), ये ही पाँच बातें पुराणमें होती हैं।] अतः, यह सम्भव है कि वैदिक साहित्यमें जिन पुराणोंका उल्लेख हुआ है उनमें वैदिक-कालीन भावनाओं और धारणाओंके अनुसार सृष्टि, पुनः सृष्टि, आदि-वंशावली, मन्वन्तर और तत्कालीन अथवा प्राचीन वंशानुचरितका वह वर्णन रहा हो जो कालक्रमसे नष्ट हो गया हो।

बृहदारण्यक उपनिषद् और उसपर किए हुए शांकर भाष्यके अनुशीलनसे प्रतीत होता है कि पुराण भी उसी प्रकार स्वयं प्रकट हुए जैसे चारों वेद हुए। सर्वप्रथम ऐतरेय ब्राह्मणके उपक्रममें सायणाचार्यजीने अपने भाष्यमें लिखा है कि 'वेदके अन्तर्गत देवासुर-युद्ध आदिका वर्णन तो इतिहास कहलाता

और जिस कल्पान्त अवस्थामें ब्रह्मको छोड़कर और कुछ भी नहीं रहता, उसके पश्चात् संसारकी उत्पत्तिसे लेकर सम्पूर्ण सृष्टि-क्रियाका वर्णन पुराण कहलाता है।' बृहदारण्यकके भाष्यमें शंकराचार्यजीने भी लिखा है कि 'उर्वशी, पुरुरवा आदिके संवादके ब्राह्मण भागको इतिहास कहते हैं और सृष्टिके प्रकरणको पुराण कहते हैं'—

इतिहास इत्युर्वशी-पुरुरवसोः संवादादुर्वशी ह्यप्सरा इत्यादि ब्राह्मणमेव पुराणमसद्वा इदमग्र आसीदित्यादि।

[बृहदारण्यक भाष्य, २। ४। १०]

इससे स्पष्ट होता है कि सृष्टि आदि बातोंका वर्णन पुराण कहलाता है और मानवीय ऐतिहासिक कथओंका वर्णन इतिहास कहलाता है। किन्तु इन सभी कथाओंमें तिथि-क्रम न आ सकनेके कारण इतिहास और पुराणका ऐसा विचित्र मेलचक्र बन गया कि आगे चलकर इतिहास-पुराण शब्द एक साथ आने लगे और उनमें विशेष भेद करना कठिन हो गया।

महाभारतके आदि पर्वमें शौनकजीने कहा है कि 'पुराणमें दिव्य कथाएँ भरी हुई हैं और अनेक श्रेष्ठ बुद्धिमान् व्यक्तियोंके आदिवंशका वृत्तांत है। यह सब कथा हमने पहले तुम्हारे पितासे सुनी है।' इसी प्रकार महाभारतकी कथा कहनेवाले उग्रश्रवाने कहा है—'हे महामुनि! मैं पुराणोंके आधारपर पहले

इस भार्गव वंशका वर्णन कर रहा हूँ।' इसका अर्थ यह हुआ कि महाभारतसे पूर्व जो प्राचीन पुराण थे उनमें सृष्टिके वर्णनके अतिरिक्त दिव्य कथाओं और वंशोंके वर्णन भी थे और ऋषियोंने ही ब्राह्मणों और आरण्यकोंके समान उनकी भी रचना की होगी। हाँ, इतना प्रमाण अवश्य मिलता है कि वेदव्यासजीने जब वेदोंके चार विभाग किए उसी समय पाँचवें वेद 'पुराण' का भी संग्रह कर डाला।

इतिहास

इतिहासकी रचना किस क्रमसे हुई इसका कोई स्पष्ट उल्लेख कहीं नहीं मिलता। महाभारतके वनपर्वमें रामके उपाख्यानका वर्णन करते हुए कहा गया है—'हे राजन्! पुराने इतिहासमें जो घटनाएँ हुइ हैं उन्हें सुनो।' इसका अर्थ यह है कि 'महाभारत-कालमें रामायणकी कथा बहुत पुरानी हो गई थी और वह 'इतिहास' (प्रामाणिक तथा वास्तविक कथा) मानी जाती थी। महाभारतके द्रोण पर्वमें भी रामायणकी कथाके सम्बन्धमें लिखा है—

अपि चायं पुरा गीतः श्लोको वाल्मीकिना भुवि।

[इस कथाको वाल्मीकिजी पृथ्वीपर बहुत पहले गा (रच) चुके हैं।] अतः इतिहासका अर्थ हमारे यहाँ वास्तविक घटना और कथा ही है। इतिहास शब्दकी व्याख्या ही है—

'इतिहास पुरावृत्तं आस्ते अस्मिन्'

[जिसमें पुरानी कथाएँ भरी हों, उसे इतिहास कहते हैं।] ऊपर बताया जा चुका है कि यजुर्वेदीय शतपथ ब्राह्मणने इतिहासको भी अट्ठारह शास्त्रोंके अन्तर्गत ही माना है। कौटिल्यने भी अपने अर्थशास्त्रमें इतिहासको पाँचवाँ वेद बताया है। किन्तु व्यवस्थित रूपसे 'इतिहास' शब्दकी व्याख्या सबसे पहले महाभारतकार कृष्णद्वैपायन व्यासजीने ही की है—

धर्मार्थकाममोक्षाणामुपदेशसमन्वितम् ।
पूर्ववृत्तकथायुक्तमितिहासं प्रचक्षते ॥

[धर्म, अर्थ, काम और मोक्षके उपदेशसे भरी हुई पुरानी कथाएँ जिसमें भरी हों, उसे इतिहास कहते हैं।] विष्णु पुराणकी टीका [३ । ४ । १०] में श्रीधर स्वामीने भी 'इतिहास' की एक ऐसी ही प्राचीन परिभाषा दी है—

आर्यादिबहुव्याख्यानं देवर्षिचरिताश्रयम् ।
इतिहासमितिप्रोक्तं भविष्याद्भुतधर्मयुक् ॥

[ऋषियों-द्वारा दिए हुए बहुतसे विचित्र-विचित्र व्याख्यान, देवर्षियोंके चरित्र और अद्भुत-अद्भुत धर्म-कथाएँ जिसमें हों वह इतिहास कहलाता है।]

कौटिल्यने अपने अर्थशास्त्रमें भी कहा है—

पुराणमितिवृत्तमाख्यायिकोदाहरणं धर्मशास्त्रं अर्थशास्त्रं चेतिहासः।

[पुराण, इतिवृत्त, आख्यायिका, उदाहरण, धर्मशास्त्र और अर्थशास्त्र, ये सब इतिहास ही हैं।] इन सब विवेचनोंसे यही परिणाम निकला कि 'जिसमें धर्म, अर्थ, काम और मोक्षका मार्ग निर्देश करनेवाली असाधारण सत्य कथाएँ भरी हों उसे इतिहास कहते हैं।' चतुर्वर्ग-फल-प्राप्तिकी कथा होनेके कारण ही इतिहासको भी पाँचवाँ वेद मान लिया गया और इसीलिये प्राचीन कालसे ही भारतमें इतिहासका बड़ा आदर होता आया। पहले इतिहासका क्या रूप था यह तो स्पष्ट नही है किन्तु आश्वलायन गृह्यसूत्रमें इतिहासके पारायणका फल-निर्देश करते हुए लिखा है कि—'श्राद्ध आदि पितृ-कार्योंमें अपने पितरोंको इतिहास-पुराण सुनानेका बड़ा फल मिलता है।'

आयुष्मतां कथा' कीर्त्तयन्तो मांगल्यानीतिहासपुराणानीत्याख्यापयमानाः।

महाभारतके आदि पर्वमें लिखा है—

यश्चैनं श्रावयेत् श्राद्धे ब्राह्मणान् पादमन्ततः।
अक्षय्यमन्नपानं वै पितॄँस्तस्योपतिष्ठते॥

[जो व्यक्ति श्राद्धके समय महाभारतका एक चरण भी ब्राह्मणोंको सुनवाता है उसका दिया हुआ अन्नपान आदिक पितृलोकमें अक्षय हो जाता है ।]

हमारे यहाँ इतिहासके नामसे महाभारत ही प्रसिद्ध है । किन्तु वर्तमान इतिहासकार जिस रूपमें इतिहासका अस्तित्व मानते हैं, उस दृष्टिसे वे महाभारतको इतिहास नहीं मानते ।

इतिहासकी नवीन परिभाषाएँ

फ्रीमैनने इतिहासको 'अतीत राजनीति' (पास्ट पौलिटिक्स) बताया था, किन्तु उसकी यह परिभाषा विद्वानोंने नहीं मानी, क्योंकि इतिहासका क्षेत्र केवल राजनीति-तक ही परिमित नहीं है वह, तो विश्व-जीवनके प्रत्येक क्षेत्रसे सम्बद्ध है । संसारकी प्रत्येक छोटीसे छोटी वस्तुका भी कुछ न कुछ इतिहास होता है । संसारमें जितने ज्ञान-विज्ञान, जितने पदार्थ और जितने प्राणी हैं सबका अपना-अपना, अलग-अलग इतिहास है, इसीलिये इतिहासकी सीमा अत्यन्त व्यापक और विस्तृत है । डौक्टर जे० टी० सीटऔयल्ने कहा है—'व्यापक अर्थमें इतिहासके अन्तर्गत वे सब बातें आती हैं जो तत्कालसे पहले हो चुकी हों । इसके अन्तर्गत केवल मानव-जीवनकी ही सब अवस्थाएँ नहीं, वरन् इस प्राकृतिक जगत्की भी सब अवस्थाएँ, परिस्थितियाँ

और घटनाएँ आ जाती हैं। ससारमें जितनी परिवर्त्तनशील वस्तुएँ हैं वे सनकी सब इतिहासकी वस्तुएँ हैं। वर्त्तमान विज्ञानने सिद्ध कर दिया है कि ससारमें कुछ भी पूर्णत: स्थिर (स्टैटिक) नहीं है, इसलिये इस पूर्ण विश्वके प्रत्येक अणु-परमाणुकी प्रगति भी इतिहासकी परिधिमें सम्मिलित है.........।' इसका अर्थ यह है कि आजके इतिहासकार, ससारकी सम्पूर्ण अतीत और वर्त्तमानकी घटनाओंका विवरण ही इतिहास मानते हैं।

कुछ दिनों इतिहासका इतना बोलवाला रहा कि बेकनने इतिहासको 'दर्शन और काव्य दोनोंसे ऊँचा' बता डाला था। उसका कथन है कि 'अतीत मानव-जगत्‌की आन्तरिक और बाह्य वृत्तिको समझनेका मूल आधार इतिहास है।' आर्नोल्डने इतिहासकी सीमा कुछ थोड़ी सकुचित करके 'समाजके जीवन'को ही इतिहास बताया है। उसका कथन है—मेरी समझमें इतिहासका उद्देश्य समाजका जीवन-चरित उपस्थित करना है...। जिस प्रकार हम व्यक्तिके जीवनको जीवन-चरित कहते हैं, उसी प्रकार समाजके जीवनचरितको इतिहास कहते हैं।' श्रीसुतीक्ष्ण मुनिजीने इतिहासके इसी रूपको इस गाथा-सवत्सरीमें ग्रहण किया है। इस ग्रन्थमें उन्होंने मानव-समाजमें होनेवाली केवल उन विशिष्ट घटनाओं और विशेष व्यक्तियोंके जन्म,

मृत्यु और कार्योंका तिथिक्रमानुसार परिचय दिया है जिन्होंने किसी न किसी रूपमें मानव-समाजको प्रभावित किया है।

इतिहासका प्रयोजन

महर्षि कृष्णद्वैपायन व्यासने इतिहासका प्रयोजन बताते हुए महाभारत (१ । १ । ८३) में कहा है—

इतिहास प्रदीपेन मोहावरण घातिना ।
लोकगर्भ-गृह कृत्स्न यथावत्सम्प्रकाशितम् ॥

[अज्ञानका अन्धकार दूर करनेवाले इतिहास-रूपी दीपकने लोकरूपी भवनके भीतरका पूरा भाग पूर्ण रूपसे प्रकाशित कर दिया है ।] तात्पर्य यह है इतिहासके द्वारा मानव-जीवनका सम्पूर्ण रहस्य भली भाँति स्पष्ट हो जाता है । किन्तु गाथा-सवत्सरीको इतिहास समझनेकी भूल नहीं करनी चाहिए । यह तो इतिहासका क्रम समझनेकी वह सीढ़ी मात्र है जिसके सहारे इतिहासकी समस्त घटनाओंके पूर्वापरका रूप स्पष्ट हो जाता है कि किस प्रकार, एक ही युगमें, एक महत्त्वाकांक्षी राजकुमार अपनी राज्यलिप्सा तृप्त करनेके लिये अनेक देशोंको रौंदता-कुचलता, नष्ट करता चला जा रहा है और उसी युगमें एक सन्त अपनी पीयूष निस्यन्दिनी वाणीसे लोकमानसको तुष्ट और तृप्त करता हुआ उनके हृदयको शीतल स्नेह-सुधासे सिक्त

कर रहा है और एक वैज्ञानिक नये-नये अनुसंधानोंके द्वारा मानव-जीवनको नई नई विभूतियाँ प्रदान करता हुआ, उसे सुखमय, गतिमय बनानेके लिये नये-नये आविष्कार करता चल रहा है। इस अध्ययनसे सिद्ध हो जायगा कि किस प्रकार एक साथ, एक ही युगमें, एक ही देशमें, एक ही समाजमें, कई प्रकारकी मानव-वृत्तियां कई प्रकारकी मंगल-कारिणी तथा विध्वंस-कारिणी शक्तियाँ लेकर निरन्तर मानव-समाजका कल्याण और अकल्याण करती चली आई हैं। इन सब प्रकारकी वृत्तियोंका तिथि-क्रमसे अध्ययन करनेपर उपर्युक्त विविध मानव-प्रवृत्तियोंका तो परिचय होता ही है साथ ही उन अनेक भाव-धाराओंका भी साक्षात्कार होता चलता है जिनमें समय-समयपर मानव-मानस डूबता-उतराता अपना विकास और विनाश एक साथ देखता रहा है। इसीलिये इस गाथा-संवत्सरीमें जहाँ एक ओर राजनीतिक विप्लवों और राजनीतिक व्यक्तियोंके जन्म-मरण और पराक्रमोंका उल्लेख है वहीं दूसरी ओर प्रसिद्ध सन्तों, धर्म-प्रवर्तकों, वैज्ञानिकों, साहित्यकारों, शिक्षा-शास्त्रियों तथा संसारकी अन्य सभी प्रकारकी महत्त्वपूर्ण घटनाओंके स्रष्टाओंका भी तिथि-क्रमसे विवरण दिया हुआ है, जिससे सभी प्रकारके जिज्ञासुओंकी जिज्ञासा एक साथ तृप्त हो सके।

इतिहासका इतिहास

संसारमें सर्वप्रथम जो इतिहास लिखे गए वे या तो महाभारतकी शैलीमें घटना-संकलनमें रूप थे अथवा शिलालेखोंके रूपमें। किन्तु शिलालेख तो अस्थिर इतिहास-खंड हैं। जबतक उनके आधार (शिला, स्तूप, स्तम्भ अथवा धातुपत्र) का अस्तित्व रहता है तभीतक उनका ऐतिहासिक महत्त्व भी रहता है। जहाँ वे नष्ट हुए कि उनके साथ-साथ उनका ऐतिहासिक महत्त्व भी नष्ट हो जाता है। श्रुतिके द्वारा एक कानसे दूसरे कानमें पड़कर जो इतिहासकी परम्परा चली वह भी पूर्ण प्रामाणिक नहीं रह पाई क्योंकि वह भी अनेक लोगोंके कानमें पड़नेसे बीच-बीचमें इस प्रकार सँवरती-सुधरती, बढ़ती-घटती आई कि उसका मूल रूप अस्पष्ट हो गया और यह कहना कठिन हो गया कि मूल वास्तविक बात कितनी थी और आगे चलकर उसमें क्या परिवर्त्तन कर दिए गए। योरपमें इस प्रकारकी ऐतिहासिक सामग्री सामान्य धार्मिक ग्रन्थ और धार्मिक पट्टलेख (टेबलेट्स) आदि कई रूपोंमें मिलती है जिनमें अद्भुत घटनाओंका वर्णन, पुजारियों और पुजारिनियोंकी सूची तथा दाताओंकी सूची आदिका लेखा भरा पड़ा है। कहीं-कहीं (जैसे रोममें) पादरी लोग अपनी पंजिकाओंमें केवल धार्मिक इतिहास ही नहीं, वरन् महत्त्वपूर्ण राजनीतिक घटनाओंका भी

उल्लेख करते चलते थे। म्याली (१३१ ई० पू०) के समय-तक पोन्तीफैक्स माक्सिमसमें लकड़ीके पट्टोंपर वार्षिक घटनाओंका विवरण खोद दिया जाता था और ये फ़ोरमके पादरीके आधिकारिक आवास (रीगिया) में सुरक्षित रहते थे। ये ही विवरण उस समय 'नागरिक इतिहास' का काम देते थे।

लोगोग्राफर

योरपके आदि इतिहासकार यूनानी नगरोंके विवरण-लेखक (लोगोग्राफर) थे जो लिखित इतिहास, मौखिक अनुश्रुतियाँ तथा अपने आस-पासके प्रदेशका पूरा लेखा वैसे ही एकत्र कर रखते थे जैसे राजपूतानेमें चारण लोग अपने राज्य, प्रदेश या राजाओंका पूरा इतिहास छन्दोबद्ध करके कंठस्थ किए रहते थे और वर्षमें एक बार सबके परिवारोंमें जा-जाकर उनका इतिहास सुनाकर उन्हें उत्साहित करके उसके बदले दक्षिणा पा जाते थे। उन विवरण-लेखकोंके वक्तव्योंको ही प्रायः समकालीन लोग एकत्र करके अपने विस्तृत अनुभवके आधारपर उनकी रीति-नीतिके आलोचक बन जाते थे। ये ही लोग उस इतिहासके पिता हेरोदोतसके पूर्ववर्ती थे जिसे योरपवाले अपना आदि इतिहासकार मानते हैं।

यूनानके इतिहासकार

यद्यपि हेरोदोतसको भी जो सामग्री मिली वह सब इन्हीं

इतिहासका इतिहास

ससारमें सर्वप्रथम जो इतिहास रखे गए वे या तो महाभारत-की शेलीमें घटना सकलनमें रूप थे अथवा शिलालेखोंके रूपमें। किन्तु शिलालेख तो अस्थिर इतिहास खड है। जबतक उनके आधार (शिला, स्तूप, स्तम्भ अथवा धातुपत्र) का अस्तित्व रहता है तभीतक उनका ऐतिहासिक महत्त्व भी रहता है। जहाँ वे नष्ट हुए कि उनके साथ-साथ उनका ऐतिहासक महत्त्व भी नष्ट हो जाता है। श्रुतिके द्वारा एक कानसे दूसरे कानमें पडकर जो इतिहासकी परम्परा चली वह भी पूर्ण प्रामाणिक नहीं रह पाई क्योंकि वह भी अनेक लोगोंके कानमें पडनेसे बीच-बीचमें इस प्रकार सँवरती-सुधरती, बढ़ती घटती आई कि उसका मूल रूप अस्पष्ट हो गया और यह कहना कठिन हो गया कि मूल वास्तविक बात कितनी थी और आगे चलकर उसमें क्या परिवर्तन कर दिए गए। योरपमे इस प्रकारकी ऐतिहासिक सामग्री सामान्य धार्मिक ग्रन्थ और धार्मिक पट्टलेख (टेबलेट्स) आदि कई रूपोंमे मिलती है जिनमें अद्भुत घटनाओंका वर्णन, पुजारियों और पुजारिनियोंकी सूची तथा दाताओंकी सूची आदिका लेखा भरा पडा है। कहीं-कहीं (जैसे रोममें) पादरी लोग अपनी पत्रिकाओंमे केवल धार्मिक इतिहास ही नहीं, वरन् महत्त्वपूर्ण राजनीतिक घटनाओंका भी

रोमके गद्यपर बड़ा कुप्रभाव पड़ा। यद्यपि सिसरोने कहा था कि—'इतिहासकारको न तो किसी भी सत्य बातको छिपाना चाहिए न कोई मिथ्या बात ही कहनी चाहिए' किन्तु यदि स्वयं सिसरो ही इतिहास लिखने बैठता तो वह उसी प्रकारका इतिहास लिखता जिसकी पोलुवियसने निन्दा की थी। सिसरोकी दृष्टिमें 'इतिहास वह खान है जिसमेंसे भाषण-कलाके तर्क देनेके लिये और शिक्षात्मक उदाहरण उपस्थित करनेके लिये सामग्री ढूँढ़ निकाली जा सके। वह कोई वैज्ञानिक कुतूहलका विषय नहीं है।'

रोमके इतिहासकार

रोममें घटना-क्रमसे इतिहास-लेखनका कार्य प्रथम शताब्दि ई० पू० के पूर्वार्द्धमें प्रारम्भ हुआ। इसके पश्चात् उसमें आलंकारिक सौन्दर्य लानेका इतना प्रयत्न होने लगा कि सिसरोवादियोंके युगमें तो उसकी पराकाष्ठा हो गई। जिस प्रथम रोमन इतिहासकारने इतिहासको विज्ञान और कलाका समन्वय बनाकर उपस्थित किया, वह था थसूदिदेसूका शिष्य साल्स्त। औगस्तीय युगमें दूसरा प्रसिद्ध लोकप्रिय इतिहासकार आया लिवी, जो स्वयं कलाकार और अत्यन्त सुपठित वक्ता था। लिवीके पश्चात् ताचितस (टेसिटस) तक यद्यपि बहुत लम्बी खाई पड़ जाती है किन्तु इसमें कोई संदेह नहीं कि

विवरण-लेखकोंसे ही प्राप्त हुई थी और इसीलिये उसके इतिहासका आधार भी बहुत प्रामाणिक नहीं कहा जा सकता फिर भी विस्तार और वैज्ञानिक विवेचनकी दृष्टिसे उसका महत्त्व कम नहीं समझना चाहिए। उसने सबसे बड़ा कार्य यह किया कि इतिहास लेखनके वैज्ञानिक कार्यको कलात्मक रूप देकर उसे शुद्ध साहित्यिक रूपमें ढाल दिया। उसके पश्चात् थसूदिदेस् (थूसीडाइडीज़) ने हेरोदोतसकी अपेक्षा अधिक कला और विज्ञानका समन्वय करके इतिहासमें नया युग प्रवर्तित किया। वह उस 'कथक्कड'को बहुत बुरा समझता था जो सत्य बोलनेके बदले केवल रंगीन बातोंसे प्रसन्न करना जानता था। थसूदिदेस् और क्षेनोफनकी सीधी सादी कथासे निखरकर इतिहास अलंकृत साहित्यके रूपमें ढलने लगा जिसका शृंगार किया थिओपौम्पस और एफोरसने। इतिहासमें खोजके वैज्ञानिक रूपका संस्कार मिलाया चौथी शताब्दिके अन्तमें सर्वप्रथम सिसिलीवासी तिमाइयसने। उसके पश्चात् पोलुवियसने शुद्ध नीरस इतिहास लिखना प्रारम्भ किया। तदनन्तर इतिहास लेखनका विज्ञान अलंकृत होकर यूनानसे रोम जा पहुँचा। यद्यपि हालिकारनाससके दिअनूसिअसके इतिहासमें अलंकरणके साथ-साथ ऐतिहासिक सूत्रोंका व्यापक अध्ययन भी मिला हुआ था किन्तु वैज्ञानिक दृष्टिसे यूनानी आलंकारिकोंका

इतिहास लेखन-शैलीकी विशेषता यह है कि इसमें प्रत्येक घटनाका विवरण उसके मूल स्रोतके साथ इस प्रकार प्रस्तुत किया जाता है कि किसी भी व्यक्तिको इतिहासकारकी धारणाके पीछे चलनेके बदले स्वयं तथ्यका निष्कर्ष निकाल लेनेकी सुविधा प्राप्त हो जाय।

गाथा-संवत्सरीकी तिथियाँ

श्री सुतीक्ष्ण मुनि उदासीनजीने इसी श्रेणीके नवीन इतिहासकारोंके इतिहासोंसे मुख्य घटनाओंकी तिथियाँ निकाल-कर उन्हें कालक्रमसे प्रस्तुत कर दिया है। यों तो संसारके प्रत्येक देशके राजनीतिक क्षेत्रकी ही तिथियाँ इतनी अधिक हैं कि उन्हींके संग्रहसे विशाल महाग्रन्थ बनाया जा सकता है। किन्तु ग्रन्थकर्त्ताने अत्यन्त विवेकके साथ विश्व-भरके इतिहासकी सम्पूर्ण प्रसिद्ध घटनाओंका मन्थन करके उनमेंसे विश्वके अति प्रसिद्ध व्यक्तियों और घटनाओंकी तिथियोंके विवरणके साथ भारतीय इतिहासके समस्त धार्मिक, राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक, साहित्यिक तथा सांस्कृतिक महापुरुषों तथा घटनाओंकी अधिकसे अधिक महत्त्वपूर्ण तिथियोंका संग्रह करके व्यापक रूपसे मानव[illegible] विभिन्न क्षेत्रोंमें नेतृत्व करनेवाले व्यक्तियोंके अत्यन्त[illegible] और सरल राजमार्ग बना दिया है। यह [illegible] है, [illegible] प्रकारके ग्रन्थमें जिन स्रोतोंसे तिथियाँ

ताचितस अत्यन्त सिद्ध इतिहासकार और कलाकार था। उसकी शैलीमें युवकका आवेग और वृद्धकी गम्भीरताके साथ साथ काव्यात्मक अभिव्यंजना और सूत्रवृत्ति दोनोंका विचित्र और मधुर समन्वय था। उसका सबसे बडा गुण यह था कि वह मनुष्योंके मानसका अत्यन्त सूक्ष्म पर्यवेक्षक और निरीक्षक था। उसके पश्चात् रोममें इतिहास लेखनकी कला अत्यन्त वेगसे लुप्त होने लगी क्योंकि सुयेतोनियसने जो सीज़रोंकी जीवनी लिखी है वह एक प्रकारका समाचार-सकलन मात्र समझना चाहिए, इतिहास नहीं। आगे चलकर तो दशा यहाँतक बिगड गई कि इतिहासकारोंने 'राजसभाओंकी गप्पों' को ही आदर्श इतिहास मानना प्रारम्भ कर दिया। इसके पश्चात् तो वर्त्तमान शैलीके इतिहास लिखनेकी परम्परा ही चल पडी।

ऐतिहासिक अन्वेषण

उन्नीसवीं शताब्दिमें इतिहासके विज्ञानमें ऐसी भारी क्रान्ति हुई कि ऐतिहासिक अन्वेषणकी एक विशिष्ट शैली ही बन निकली। इतिहास लेखक लोग राष्ट्रिय या अन्ताराष्ट्रिय क्षेत्रोंमें प्रविष्ट होकर मौलिक आधार खोजकर इतिहासका निर्माण करने लगे। इस प्रकार इन नवीन इतिहासकारोंने इस रूपमें इतिहास प्रस्तुत करना प्रारम्भ किया कि कोई भी विद्यार्थी कुछ घंटोंमें किसी देशका इतिहास भली-भाँति समझ सकता है। इस नवीन

परम्परा जानना चाहते हैं उनके लिये भी यह गाथा-संवत्सरी अत्यन्त लाभकर सिद्ध होगी। किस युगमें ईश्वर, जीव और जगत्‌की जिज्ञासा प्रारंभ हुई? किसने, किस रूपमें इस समस्याका समाधान किया? उस समाधानके द्वारा किस प्रकारके मत और सम्प्रदाय किस रूपमें चले? उन सम्प्रदायोंने अपने दार्शनिक सिद्धान्तोंके द्वारा, किन जातियोंको, किस प्रकार प्रभावित करके, लोगोंकी मनोवृत्तिमें कैसा अन्तर उत्पन्न किया? और उस परिवर्तनने राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टिसे मानव-समाजका क्या हित या अनहित किया? इन सब क्रिया-प्रतिक्रियाओंका क्रमिक ज्ञान भी इस गाथा-संवत्सरीसे भली प्रकार हो सकता है।

साहित्यकी प्रगतिके अध्येताओंके लिये

जो लोग साहित्यकी प्रगतिका अध्ययन करना चाहते हैं उनका पथ-प्रदर्शन करनेके लिये भी गाथा-संवत्सरी भली प्रकार सन्नद्ध है। किस प्रकार, संसारके किस साहित्यने, कब, क्यों और क्या रूप धारण किया? किस प्रकार काव्यने नाटक, कथा आख्यान, नीति आदि अनेक रूपोंमें अपना प्रसार किया? किन किन कवियों, लेखकों और महापुरुषोंने अपनी चमत्कारिणी लेखनीके द्वारा इन विभिन्न काव्य-रूपोंको नवीन शक्ति देकर उसे सजीव किया? किस प्रकार विभिन्न प्रदेशोंके महाकवियोंने

संग्रह की गई हैं वे स्वयं अप्रामाणिक हों, इसीलिये जिन तिथियोंके सम्बन्धमें कई मत हैं उन सबका उल्लेख भी श्रीमुनिजीने यथा-स्थान दे दिया है जिससे ऐतिहासिक अन्वेषकको स्रोत ढूँढ़-कर वास्तविक तथ्य खोज निकालनेमें कोई कठिनाई न हो।

भाषा-वैज्ञानिकोंके लिये

इस प्रकारकी सांवत्सरिक तिथिक्रमालीका प्रयोग भाषा-वैज्ञानिकोंके लिये भी बड़ा महत्त्वपूर्ण है। केवल इन तिथि-क्रमोंको देखकर ही वे भली-भाँति समझ सकते हैं कि आज विभिन्न भाषाओंमें जो अनेक भाषाओंके शब्दोंका सम्मिश्रण दिखाई पड रहा है उसका ऐतिहासिक आधार क्या है? किस प्रकार, किस युगमें, किन जातियोंके पारस्परिक राजनीतिक संघर्ष, व्यावसायिक सम्पर्क, दैवी दुर्घटना, उपप्लव, दुर्भिक्ष, महामारी, राजरोष अथवा अन्य किसी भौगोलिक या राजनीतिक कारणसे एक जातिका दूसरी जातिके साथ, दूसरे देशमें कब और किस प्रकार निवास हुआ? इस सम्पर्क या संघर्षसे उनके पारस्परिक जीवनपर एक दूसरेका किस प्रकार, कितना, क्या प्रभाव पड़ा? और उस प्रभावसे किस भाषाके स्वरूप-निर्माणमें किस भाषाने, क्या और कितना योग दिया?

धार्मिक परम्पराकी जिज्ञासाके लिये

जो लोग विभिन्न धार्मिक तथा सांस्कृतिक प्रवृत्तियोंकी

परम्परा जानना चाहते हैं उनके लिये भी यह गाथा-संवत्सरी अत्यन्त लाभकर सिद्ध होगी। किस युगमें ईश्वर, जीव और जगत्की जिज्ञासा प्रारंभ हुई? किसने, किस रूपमें इस समस्याका समाधान किया? उस समाधानके द्वारा किस प्रकारके मत और सम्प्रदाय किस रूपमें चले? उन सम्प्रदायोंने अपने दार्शनिक सिद्धान्तोंके द्वारा, किन जातियोंको, किस प्रकार प्रभावित करके, लोगोंकी मनोवृत्तिमें कैसा अन्तर उत्पन्न किया? और उस परिवर्तनने राजनीतिक, सामाजिक और आर्थिक दृष्टिसे मानव-समाजका क्या हित या अनहित किया? इन सब क्रिया-प्रतिक्रियाओंका क्रमिक ज्ञान भी इस गाथा-संवत्सरीसे भली प्रकार हो सकता है।

साहित्यकी प्रगतिके अध्येताओंके लिये

जो लोग साहित्यकी प्रगतिका अध्ययन करना चाहते हैं उनका पथ-प्रदर्शन करनेके लिये भी गाथा-संवत्सरी भली प्रकार सन्नद्ध है। किस प्रकार, संसारके किस साहित्यने, कब, क्यों और क्या रूप धारण किया? किस प्रकार काव्यने नाटक, कथा आख्यान, नीति आदि अनेक रूपोंमें अपना प्रसार किया? किन किन कवियों, लेखकों और महापुरुषोंने अपनी चमत्कारिणी लेखनीके द्वारा इन विभिन्न काव्य-रूपोंको नवीन शक्ति देकर उसे सजीव किया? किस प्रकार विभिन्न प्रदेशोंके महाकवियोंने

संग्रह की गई हैं वे स्वयं अप्रामाणिक हों, इसीलिये जिन तिथियोंके सम्बन्धमें कई मत हैं उन सबका उल्लेख भी श्रीमुनिजीने यथा-स्थान दे दिया है जिससे ऐतिहासिक अन्वेषकको स्रोत ढूँढ़ कर वास्तविक तथ्य खोज निकालनेमें कोई कठिनाई न हो।

भाषा-वैज्ञानिकोंके लिये

इस प्रकारकी सावत्सरिक तिथिक्रमालीका प्रयोग भाषा-वैज्ञानिकोंके लिये भी बड़ा महत्त्वपूर्ण है। केवल इन तिथि-क्रमोंको देखकर ही वे भली-भाँति समझ सकते हैं कि आज विभिन्न भाषाओंमें जो अनेक भाषाओंके शब्दोंका सम्मिश्रण दिखाई पड रहा है उसका ऐतिहासिक आधार क्या है? किस प्रकार, किस युगमें, किन जातियोंके पारस्परिक राजनीतिक सघर्ष, व्यावसायिक सम्पर्क, दैवी दुर्घटना, उपप्लव, दुर्भिक्ष, महामारी, राजरोष अथवा अन्य किसी भौगोलिक या राजनीतिक कारणसे एक जातिका दूसरी जातिके साथ, दूसरे देशमें कब और किस प्रकार निवास हुआ? इस सम्पर्क या सघर्षसे उनके पारस्परिक जीवनपर एक दूसरेका किस प्रकार, कितना, क्या प्रभाव पड़ा? और उस प्रभावसे किस भाषाके स्वरूप निर्माणमें किस भाषाने, क्या और कितना योग दिया?

धार्मिक परम्पराकी जिज्ञासाके लिये

जो लोग विभिन्न धार्मिक तथा सास्कृतिक प्रवृत्तियोंकी

तिथिका विवरण जान लें। ऐसे आड़े समयमें गाथा संवत्सरी उनकी सबसे अधिक सेवाकारिणी सहचरी सिद्ध होगी क्योंकि वे तत्काल अपनी इच्छित तिथि उसमेंसे ढूँढ़ निकाल सकते हैं।

अध्यापकोंके लिये

विद्यालयोंमें अध्यापन करनेवाले अध्यापकोंको भी विभिन्न अवसरों-पर, सभामें, कक्षामें, महापुरुषोंकी जयंतियोंकी अवसर-पर, प्रश्नपत्र बनाते समय या उत्तर-पुस्तिकाओंका परीक्षण करते समय सहसा तिथि जाननेकी आवश्यकता पड़ जाती है। गाथा-संवत्सरी उन सबकी एक साथ सेवा करनेके लिये उनकी पथ-प्रदर्शिका तथा परिचारिका बनी सन्नद्ध मिलेगी।

इस प्रकार मानव-जीवनके सक्रिय पक्षकी सम्पूर्ण जिज्ञासाओंको एक साथ तृप्त करनेके लिये यह गाथा-संवत्सरी वरदानके रूपमें प्रकट हुई है। इसके सम्पादक तथा संकलन-कर्ता श्रीसुतीक्ष्ण मुनिजी सचमुच हार्दिक साधुवादके पात्र हैं कि उन्होंने अत्यन्त परिश्रम करके यह सुन्दर ग्रन्थ सब प्रकारके लोकसेवकोंका ज्ञानचक्षु बनाकर प्रस्तुत कर दिया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि हिन्दी संसार इस ग्रन्थ-रत्नका उचित आदर और सम्मान करेगा।

श्रीसुतीक्ष्ण मुनि उदासीनजीने मुझे इस ग्रन्थ-रत्नकी

समय समयपर अपनी ओजस्विनी वाणीसे लोकमानसको जागरण और नवजीवनका सदेश दिया? इन सब प्रवृत्तियों और उनके विविध स्वरूपोंकी गतियोंके प्रवर्त्तकोंका परिचय भी आप गाथा सवत्सरीसे भली भाँति प्राप्त कर सकते हैं।

सरल साधन

आजका युग गतिका युग है। प्रत्येक मनुष्य इतना व्यस्त हो गया है कि वह अपना एक क्षण भी नष्ट नहीं करना चाहता। वह एक स्थानसे दूसरे स्थान-तक शीघ्रसे शीघ्र पहुँचना चाहता है। वह विमानपर चढकर केवल इस पृथ्वीके ही विभिन्न देशोंमें शीघ्रतम पहुँचनेके बदले मगल और चन्द्र-तक वेगसे पहुँचनेका स्वप्न देख रहा है। ग्रन्थोंकी सख्या इतनी अधिक है कि मन कोई सब ग्रन्थ न पढ सकते हैं, न पा सकते हैं। साहित्य, धर्म, विज्ञान, इतिहास, समाजशास्त्र आदि विषय इतने अधिक रूपोंमें व्याप्त हो गए हैं कि उनसे सम्बद्ध तिथियोंका विवरण जाननेके लिये उतनी पुस्तकें सग्रह करना भी किसीके लिये सम्भव नहीं है। समाचार पत्रोंमें कार्य करनेवाले सम्पादकोंको किसी भी समय किसी विशेष घटनाकी तिथि जाननेकी आवश्यकता पड़ जाती है, किन्तु उस समय सहसा वे तिथियाँ उन्हें प्राप्त नहीं हो पाती। उनके पास इतना समय भी नहीं रहता कि वे किसी पुस्तकालयसे सम्पर्क प्राप्त करके उस

तिथिका विवरण जान लें। ऐसे आड़े समयमें गाथा संवत्सरी उनकी सबसे अधिक सेवाकारिणी सहचरी सिद्ध होगी क्योंकि वे तत्काल अपनी इच्छित तिथि उसमेंसे ढूँढ़ निकाल सकते हैं।

अध्यापकोंके लिये

विद्यालयोंमें अध्यापन करनेवाले अध्यापकोंको भी विभिन्न अवसरों-पर, सभामें, कक्षामें, महापुरुषोंकी जयंतियोंकी अवसर-पर, प्रश्नपत्र बनाते समय या उत्तर-पुस्तिकाओंका परीक्षण करते समय सहसा तिथि जाननेकी आवश्यकता पड़ जाती है। गाथा-सवत्सरी उन सबकी एक साथ सेवा करनेके लिये उनकी पथ-प्रदर्शिका तथा परिचारिका बनी सन्नद्ध मिलेगी।

इस प्रकार मानव-जीवनके सक्रिय पक्षकी सम्पूर्ण जिज्ञासाओंको एक साथ तृप्त करनेके लिये यह गाथा सवत्सरी वरदानके रूपमें प्रकट हुई है। इसके सम्पादक तथा सकलन-कर्ता श्रीसुतीक्ष्ण मुनिजी सचमुच हार्दिक साधुवादके पात्र हैं कि उन्होंने अत्यन्त परिश्रम करके यह सुन्दर ग्रन्थ सब प्रकारके लोकसेवकोंका ज्ञानचक्षु बनाकर प्रस्तुत कर दिया है। हमें पूर्ण विश्वास है कि हिन्दी ससार इस ग्रन्थ-रत्नका उचित आदर और सम्मान करेगा।

श्रीसुतीक्ष्ण मुनि उदासीनजीने मुझे इस ग्रन्थ-रत्नकी

प्रस्तावना लिखनेका भार सौंपकर जो स्नेह प्रदर्शित किया है उसका मैं हृदयसे आभारी हूँ। मुझे अत्यन्त हर्ष है कि श्रीसाधुवेला उदासीन आश्रमके लोक-संग्रही महन्त श्री १०८ स्वामी गणेशदासजीने इस ग्रन्थको प्रकाशित करनेकी व्यवस्था की। इस प्रकारके ग्रन्थमें कहीं-कहीं तिथियोंका कुछ विक्रम हो जाना या उनकी आवृत्ति हो जाना अत्यन्त स्वाभाविक है। हमें विश्वास है कि इस ग्रन्थका प्रयोग करनेवाले, सज्जन पाठक इस प्रकारकी भूलोंका निराकरण करनेमें सहायक होंगे और उन अन्य अनेक महत्त्वपूर्ण घटनाओंकी तिथियोंकी ओर सम्पादक महोदयका ध्यान आकृष्ट करनेकी उदारता दिखावेंगे जिनका समावेश इस ग्रन्थमें नहीं हो पाया है। मैं पुनः श्रीसाधुवेला आश्रमके गुणज्ञ महन्तजीको इस ग्रन्थरत्नके प्रकाशनके लिये और श्रीसुतीक्ष्णमुनि उदासीनजीको ग्रन्थ-संकलनके लिये हृदयसे साधुवाद और बधाई देता हूँ। मैं अपने मित्र श्रीमहेन्द्रनाथजीका भी अत्यन्त आभारी हूँ जिन्होंने अत्यन्त परिश्रम करके इस ग्रन्थरत्नका नामाभिज्ञान बनानेका सौहार्द दिखलाया है। यदि वे सहायक होकर न आते तो निश्चय ही इस ग्रन्थके प्रकाशनमें पर्याप्त विलम्ब होता।

गुरुपूर्णिमा, सं० २०१२ वि०
उत्तर बेनिया बाग, काशी

सीताराम चतुर्वेदी

आभार

पिछले अनेक वर्षोंसे विश्वमें होनेवाली अनेक विशिष्ट घटनाओंकी तिथियोंका संकलन करनेका मुझे व्यसन रहा है। उस व्यसनकी तृप्तिके लिये मैं निरन्तर पुस्तकों, पत्रों तथा पत्रिकाओंसे यथासम्भव अधिकसे अधिक महत्त्वपूर्ण घटनाओं तथा महापुरुषोंके जीवनकी विशेष तिथियाँ छाँटकर उन्हें एकत्र करता रहा हूँ। यद्यपि यह ग्रन्थ पाण्डुलिपिके रूपमें बहुत दिन पहले ही तैयार हो गया था किन्तु इसके मुद्रणमें अनेक कठिनाइयाँ उपस्थित होती रहीं जिनमें मुख्य थी मेरे शरीरकी नियमित अस्वस्थता। ऐसी विद्विधामें यदि श्रद्धेय आचार्य पण्डित सीतारामजी चतुर्वेदी, एम० ए० (हिन्दी, संस्कृत, पालि, प्रत्न भारतीय इतिहास तथा संस्कृति), बी० टी०, एल् एल्० बी०, साहित्याचार्य, इस ग्रन्थके संस्कार और परिष्कारका भार लेनेकी उदारता न दिखाते तो सम्भवतः यह ग्रंथ इतना शीघ्र प्रकाश न प्राप्त कर सकता। अनेक प्रकारके साहित्यिक और सार्वजनिक कार्योंमें व्यस्त रहनेपर भी उन्होंने मेरी प्रार्थना स्वीकार करनेकी जो श्लाघ्य उदारता प्रकट की है उसके प्रति शाब्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना उनका महत्त्व कम करना है।

श्री चतुर्वेदीजीने अपना अमूल्य समय देकर अश्रान्त परिश्रम तथा सजग परिशोधन करके इस ग्रन्थका सम्पादन करनेका जो कष्ट किया और इसे यथाशीघ्र पाठकोंकी सेवामें पहुँचानेका जो प्रयत्न किया, उस बहुमूल्य सहयोग और सद्भावके लिये उन्हें पुनः हृदयसे धन्यवाद देता हुआ मैं भगवत्-कामना करता हूँ कि वे स्वस्थ, चिरायु और यशस्वी हों।

सुतीक्ष्ण मुनि उदासीन
श्री साधुबेला आश्रम,
भदैनी, बनारस।

समर्पण

सक्खर-(सिन्धु)-स्थित श्रीसाधुबेला तीर्थ तथा धर्मपीठके

वरिष्ठ महन्त एवं श्रीसाधुबेला उदासीन आश्रम, काशी,-बम्बई,

और उत्तर काशीके अध्यक्ष, परम यशस्वी, विद्यावरेण्य,

परम गुणशील, तपोमूर्त्ति श्री १०८ स्वामी

गणेशदासजी महाराजके मंगलमय कर-कमलोंमें

यह ग्रन्थोपहार सभाव समर्पित, जिनकी

सत्प्रेरणा, सहयोग और सत्परामर्शसे

यह ग्रन्थ आलोक प्राप्त कर सका।

सुतीक्ष्ण मुनि उदासीन

गुरुपूर्णिमा, सं० २०१२ विक्रमाब्द

श्री १०८ स्वामी गणेशदास जी उदासीन महन्त श्री साधुबेला आश्रम

भी विचार किया कि इस सम्पूर्ण सृष्टिका स्रष्टा और विधाता भी कोई है हमारे भीतर जो चैतन्य शक्ति है उसका उस विधातासे क्या सम्बन्ध और वह चैतन्य इस जड़ सृष्टिके साथ कैसे घुल मिल गया है, इस दार्शनिक विचार-परम्पराके साथ-साथ उसने यह भी चिन्तन किया कि य सृष्टि कबसे उत्पन्न हुई, कब इसने रूप ग्रहण किया । इसी जिज्ञासाके साथ इतिहासकी सृष्टि होगई और मनुष्यने वह क्रम निश्चय करना प्रारम्भ किया जिस क्रमसे सृष्टिकी अनेक वस्तुएँ, जातियाँ और घटनाएँ उत्पन्न हुई और उसीमें लय हो गई ।

सृष्टिकी इन घटनाओंमें बहुत-सी तो ऐसी हुई जिनका मानव-जीवन से कोई सीधा सम्बन्ध नहीं है किन्तु इसके अतिरिक्त बहुत सी ऐसी भी घटनाएँ हुई, जिनका मानव-जीवनसे अपना निजी प्रत्यक्ष सम्बन्ध है, अर्थात् जिनमें या तो मनुष्य भोक्ता होकर रह चुका है या मनुष्यने जिनकी सृष्टिकी है और करता रहा है। अत प्रत्येक जिज्ञासुके लिये अथवा उन सभी व्यक्तियोंके लिये, जो इस विश्वकी तथा मानव-समाज की गतिविधियोंका निरीक्षण, परीक्षण और समीक्षण करते हैं, उन सभी घटनाओं, दशाओं और परिस्थितियोंके तिथिक्रमका ज्ञान कई कारणोंसे आवश्यक है। इस ज्ञानसे मनुष्यके स्वाभाविक कुतूहलकी तो निवृत्ति होती ही है, साथ ही उसके ज्ञानकी परिधि बढ़ती है, कार्य-कारणका सम्बन्ध ज्ञात होता है, प्रत्येक अवस्थासे शिक्षा मिलती है कि ऐसी दशा आजाने पर किस प्रकारका व्यवहार हितकर होगा और सबसे बड़ी बात तो यह है कि मनुष्यको अपने अतीतके दर्पणमें अपना भविष्य भलीभाँति सुधारनेका रहस्य ज्ञात हो जाता है। यह *गाथा-संवत्सरी* इसी जिज्ञासाकी पूर्त्तिका साधन है। लेखकों, वक्ताओं, इतिहासकारों, वैज्ञानिकों, दार्शनिकों तथा अन्य सब प्रकारके जिज्ञासुओंके लिये यह प्रत्यक्ष सारिणी है जिसके सहारे वे मानव और सृष्टिके विकासका क्रमिक विवरण सरलतासे प्राप्त करके अपनी जिज्ञासा क्रमबद्ध कर सकते हैं।

इस गाथा-संकलनसे यह भी जानना सरल हो जायगा कि कौन जाति कितनी प्राचीन है, उसके अतीतकी सीमा प्राचीनताकी किस रेखाका स्पर्श करती है और उसके विकासका इतिहास किस स्रोतसे जन्म लेता है। जिस जातिके इतिहासकी कल्पना जितने ही प्राचीन युगसे अथवा संवत्सरकी गणनासे होती है वह जाति उतनी ही प्राचीन समझी जाती है। इस दृष्टिसे विचार किया जाय तो भारतीय आर्योंका इतिहास, उनकी सभ्यता, उनका ज्ञान-विकास निश्चित रूपसे सबसे प्राचीन ठहरता है। यद्यपि अनेक जातियोंने क्रमश भारतीय आर्योंकी पुण्य भूमिपर कभी दस्यु रूपसे, कभी विजिगीषु रूपसे और कभी संस्कृति-विनाशक दैत्यके रूपसे आक्रमण किए किन्तु वे हमारी सांस्कृतिक परम्पराके गौरवशील इतिहासको कोई आघात नहीं पहुँचा सके। सन् ६०० ई॰से पूर्व भारतपर ईरानी, यूनानी, शक, सिथियाई, हूण, अरबी, मुसलमान और ईसाई आदिने इस देशमें आकर सब प्रकारसे हमारी परम्परागत संस्कृति और विद्याओंको नष्ट करनेका अथक प्रयास किया किन्तु उसमें सब असफल रहे। कैन्ट जौन स्नर्जन जैसे निष्पक्ष लेखकने अपने 'हिन्दुत्वका मूल' ('दि ओरिजिन ऑफ हिन्दुइज्म') नामक ग्रन्थमें लिखा है कि कोई भी राष्ट्र न तो हिन्दू धर्मके जितना प्राचीन है और न हिन्दुओंके समान किसीकी सभ्यता ऊँची है। अत इस ग्रन्थमें हमने भारतीय ऐतिहासिक परम्पराके प्राचीनतम इतिहासक्रमसे लेकर विश्वभरके सभी महत्त्वपूर्ण महापुरुषों और वृत्तोंका क्रमश· विवरण दिया है।

यद्यपि बहुत-सी घटनाओंके सम्बन्धमें अभी तक कोई निश्चित मत व्यक्त नहीं हो पाया है क्योंकि रामायण, महाभारत, पुराण आदि प्राचीन ग्रन्थोंके लेखक और संकलन-कर्ताओंने तिथिको कोई अधिक महत्त्व नहीं दिया और यदि ऐसे विवरण रहे भी हों तो वे विदेशीय आक्रमणकारियोंकी धर्मान्धताकी होलिकामें स्वाहा हो गए हैं, तथापि वर्तमान इतिहासकारोंने अपने-अपने गवेषणापूर्ण निष्कर्षके आधारपर जो सन्-संवत् स्थिर किए

गणधर-संवत्सरी

भूमिका

मानव-जीवनके पूर्वसे ही न जाने कितने कारणोंसे इस सृष्टिकी असंख्य बार उत्पत्ति हुई, असंख्य बार इसका विलय हुआ। उपनिषदोंमें ब्रह्मके जिस सङ्कल्पकी बहुत चर्चा सुनाई पड़ती है—'एकोऽहं बहुस्यां प्रजायेय' (मैं एक हूँ, मैं बहुत हो जाऊँ), वह कब हुआ, किस कारण हुआ, इसके सम्बन्धमें सभी श्रुतियाँ केवल उसके सङ्कल्पकी चर्चा करके उसके कारणके सम्बन्धमें मौन हैं। इसके पश्चात् यह चौदह भुवनोंवाला लोक, ब्रह्मके भीतर समाए हुए इतने सब ग्रह, उपग्रह तथा नक्षत्र-मंडल सब किस क्रमसे, किस रूपमें, क्या उत्पन्न हुए, यह अभी-तक विराट् रहस्य है। इनमेंसे किस ग्रहपर हमारे जैसे मनुष्य रहते हैं, इसकी भी अभी केवल कल्पना ही कल्पना है। कुछ वैज्ञानिकोंका मत है कि मंगल ग्रह भूमिसे उत्पन्न हुआ है और उसपर भूमिके सभी लक्षण विद्यमान हैं। अतः यह सम्भावना है कि वहाँके निवासी अधिक कुशल, बुद्धिमान् तथा हम लोगोंकी अपेक्षा कुछ भिन्न आकृतिके होंगे, क्योंकि वहाँका जलवायु और वहाँकी गुरुत्वाकर्षण-शक्ति हमारी पृथ्वीसे भिन्न है।

किसी ग्रह या उपग्रहपर मनुष्य रहते हों या न रहते हों किन्तु हमारी धरित्रीपर जबसे मनुष्यने अपनी कृतिको सुरक्षित रखनेका प्रयास किया और उस सुरक्षाके लिये उसने अनेक भौतिक साधनोंका उपयोग किया तबसे उसका इतिहास हमारे विशद अध्ययनका विषय हो गया। मनुष्यने केवल अपनी आवश्यकताकी पूर्ति मात्र नहीं की। वह अपनी इस लौकिक सीमासे आगे बढ़कर परलोककी भी जिज्ञासा करने लगा और उसने यह

भी विचार किया कि इस सम्पूर्ण सृष्टिका स्रष्टा और विधाता भी कोई है। हमारे भीतर जो चैतन्य शक्ति है उसका उस विधातासे क्या सम्बन्ध है और वह चैतन्य इस जड सृष्टिके साथ कैसे घुल मिल गया है, इसी दार्शनिक विचार-परम्पराके साथ-साथ उसने यह भी चिन्तन किया कि यह सृष्टि कबसे उत्पन्न हुई, कब इसने रूप ग्रहण किया। इसी जिज्ञासाके साथ इतिहासकी सृष्टि होगई और मनुष्यने यह क्रम निश्चय करना प्रारम्भ किया जिस क्रमसे सृष्टिकी अनेक वस्तुएँ, जातियाँ और घटनाएँ उत्पन्न हुई और उसीमें लय हो गई।

सृष्टिकी इन घटनाओंमें बहुत-सी तो ऐसी हुई जिनका मानव-जीवनसे कोई सीधा सम्बन्ध नहीं है किन्तु इसके अतिरिक्त बहुत-सी ऐसी भी घटनाएँ हुई, जिनका मानव-जीवनसे अपना निजी प्रत्यक्ष सम्बन्ध है, अर्थात् जिनमें या तो मनुष्य भोक्ता होकर रह चुका है या मनुष्यने जिनकी सृष्टिकी है और करता रहा है। अत प्रत्येक जिज्ञासुके लिये अथवा उन सभी व्यक्तियोंके लिये, जो इस विश्वकी तथा मानव-समाजकी गतिविधियोंका निरीक्षण, परीक्षण और समीक्षण करते हैं, उन सभी घटनाओं, दशाओं और परिस्थितियोंके तिथिक्रमका ज्ञान कई कारणोंसे आवश्यक है। इस ज्ञानसे मनुष्यके स्वाभाविक कुतूहलकी तो निवृत्ति होती ही है, साथ ही उसके ज्ञानकी परिधि बढती है, कार्य-कारणका सम्बन्ध ज्ञात होता है, प्रत्येक अवस्थासे शिक्षा मिलती है कि ऐसी दशा आजाने पर किस प्रकारका व्यवहार हितकर होगा और इससे बड़ी बात तो यह है कि मनुष्यको अपने अतीतके दर्पणमें अपना भविष्य भलीभाँति सुधारनेका रहस्य ज्ञात हो जाता है। यह गाथा-संवत्सरी इसी जिज्ञासाकी पूर्तिका साधन है। लेखकों, वक्ताओं, इतिहासकारों, वैज्ञानिकों, दार्शनिकों तथा अन्य सब प्रकारके जिज्ञासुओंके लिये यह प्रत्यक्ष सारिणी है जिसके सहारे वे मानव और सृष्टिके विकासका क्रमिक विवरण जाननेमें प्राप्त करके अपनी जिज्ञासा शमन्द कर सकते हैं।

इस गाथा-संवत्सरीसे यह भी जानना सरल हो जायगा कि यौन जाति कितनी प्राचीन है, उसके अतीतकी सीमा प्राचीनताकी किस रेखाका स्पर्श करती है और उसके विकासका इतिहास किस स्रोतसे जन्म लेता है। जिस जातिके इतिहासकी कल्पना जितने ही प्राचीन युगसे अथवा संवत्सरकी गणनासे होती है वह जाति उतनी ही प्राचीन समझी जाती है। इस दृष्टिसे विचार किया जाय तो भारतीय आर्योंका इतिहास, उनकी सभ्यता, उनका ज्ञान-विकास निश्चित रूपसे सबसे प्राचीन ठहरता है। यद्यपि अनेक जातियोंने क्रमश मारतीय आर्योंकी पुण्य भूमिपर कभी दस्यु रूपसे, कभी विजिगीषु रूपसे और कभी संस्कृति-विनाशक दैत्यके रूपसे आक्रमण किए किन्तु वे हमारी सास्कृतिक परम्पराके गौरवशील इतिहासको कोई आघात नहीं पहुँचा सके। सन् ६०० ई०से पूर्व भारतपर ईरानी, यूनानी, शक, सिथियाई, हूण, अरबी, मुसलमान और ईसाई आदिने इस देशमें आकर सब प्रकारसे हमारी परम्परागत संस्कृति और विद्याओंको नष्ट करनेका अथक प्रयास किया किन्तु उसमें सब असफल रहे। कैन्ट जौन स्टर्जन जैसे निष्पक्ष लेखकने अपने 'हिन्दुत्वका मूल' ('दि ओरिजिन औफ हिन्दुइज्म) नामक ग्रन्थमें लिखा है कि कोई भी राष्ट्र न तो हिन्दू धर्मके जितना प्राचीन है और न हिन्दुओंके समान किसीकी सभ्यता ऊँची है। अत इस ग्रन्थमें हमने भारतीय ऐतिहासिक परम्पराके प्राचीनतम इतिहासक्रमसे लेकर विश्वभरके सभी महत्त्वपूर्ण महापुरुषों और वृत्तोंका क्रमश विवरण दिया है।

यद्यपि बहुत-सी घटनाओंके सम्बन्धमें अभी तक कोई निश्चित मत व्यक्त नहीं हो पाया है क्योंकि रामायण, महाभारत, पुराण आदि प्राचीन ग्रन्थोंके लेखक और सङ्कलन-कर्त्ताओंने तिथिको कोई अधिक महत्त्व नहीं दिया और यदि ऐसे विवरण रहे भी हों तो वे विदेशीय आक्रमणकारियोंकी धर्मान्धताकी होलिकामें स्वाहा हो गए हैं, तथापि वर्तमान इतिहासकारोंने अपने-अपने गवेषणापूर्ण निष्कर्षके आधारपर जो सन्-संवत् स्थिर किए

हैं उन्हें ही प्रमाण मान लिया गया है। कभी-कभी एक ही तिथिके सम्बन्धमें विद्वानोंमें बड़ा मतभेद भी दृष्टिगोचर होता है। किन्तु हमने इस ग्रन्थमें यथासम्भव सबसे अधिक प्रामाणिक सन्-संवत् ही इस ग्रन्थमें ग्रहण किए हैं और सृष्टिके प्रारम्भ-कालसे वर्तमान विक्रमीय संवत् २०१२ (१९५५ ई०) तक पूर्ण करके पाठकोंकी सेवामें उपस्थित किया है।

वास्तवमें इस प्रकारके प्रयासमें सभी देशोंकी प्रमुख घटना तिथियोंका विवरण अवश्य आ जाना चाहिए था किन्तु यह ग्रन्थ विशेषत भारतीय विद्वानोंके लिये है अत स्वाभाविक रूपसे इसमें भारतसे सम्बन्ध रखने वाली घटनाओं और व्यक्तियोंका ही अधिक उल्लेख किया गया है। इसमें जहाँ एक ओर ससार भरके राजा-महाराजाओंके शासनकालकी तिथियोंका विवरण है वहाँ साथ ही विश्व भरके धर्माचार्यों, कवियों, विद्वानों, वैज्ञानिकों तथा दार्शनिकोंके सबधकी तिथियाँ और रेल, तार, विमान आदि वैज्ञानिक अन्वेषणोंकी प्रमुख तिथियोंका भी उचित समावेश किया गया है। इस सकलन-कार्यमें हमारे अनेक अभिन्न सहयोगियोंने विशेषत सर्वदर्शनाचार्य श्री शङ्करानन्दजी उदासीन काव्यतीर्थ, पडित श्री रामप्रपन्नजी शास्त्री कथा वाचक, श्री राघवानन्दजी संगीत विशारद तथा श्री ईश्वरानन्दजी आदि विद्वानोंने जो सहयोग दिया है उसके प्रति शाब्दिक कृतज्ञता प्रकट करना उनका महत्त्व कम करना है। अत मैं उनके मगल और कल्याणकी कामना करके ही अपनी कृतज्ञता व्यक्त करना अपना पुनीत कर्तव्य समझता हूँ।

इतनी विशाल तालिकामें त्रुटि रहना और भूल हो जाना अत्यन्त स्वाभाविक है। अत मैं उन सभी सहृदय पाठकोंका आभार मानूँगा जो अपना उचित परामर्श देकर मुझे कृतार्थ करेंगे। यदि मेरे इस प्रयाससे विद्वानोंकी कुछ भी सेवा हो सकी तो मैं अपना परिश्रम सफल समझूँगा।

माघशुक्ल ५ (वसन्त पञ्चमी)
वि० सं० २०११

भवदीय
सुतीक्ष्णमुनि उदासीन

सांकेतिक अक्षर

वि० :·········विक्रम संवत्

ई० पू०·········ईसवी पूर्व (ईसाके जन्मसे पूर्व)

ई० ·········ईसवी सन्

हि० ·········हिजरी

ज० ·········जन्म

रा० ·········राज्यारोहण

मृ० ·········मृत्यु

म० भा०·········महाभारत

उ० प्र०·········उत्तरप्रदेश

॥ मङ्गलाचरणम् ॥

श्रीकृष्ण एव भगवान् गिरिराजपुत्र्यां
जातः करीन्द्रवदनः सुरवृन्दवन्द्यः ।
सच्चिद्घनः परममङ्गलमूर्तिरव्या-
दव्याजभव्यकरणानिधिरीश्वरो वः ॥ १ ॥

शक्तिः सदा भगवती शिरसि श्रुतीनां
काठिन्यमावहति रक्तपदा भ्रमन्ती ।
संवित्परा प्रमदमादधती मनोज्ञा
ज्ञानोदयाय भवतामवता विभूयात् ॥ २ ॥

विश्वेश्वरः स भगवान् गिरिजार्धदेहो
गङ्गाधरः सकलमङ्गलदानदक्षः ।
आनन्दकाननिवासविलासलीलः
कल्लोलमाशु तनुतां भवतां सुखाब्धेः ॥ ३ ॥

संवत्सराभिगणनामिह भारतश्री-
सद्भाग्यविभवाभिजुषां बुधानाम् ।
सोपाय साधुजनचित्रचरित्रचंचु-
मादर्शमत्र सुधियो विनिभालयन्तु ॥ ४ ॥

एतत्सुतीक्ष्णमुनिकृत्यममन्दहृद्य-
मैतिह्यसारसरसं विहितं प्रयत्नैः ।
सन्तः परीक्ष्य परितोषमवश्यमेत्य
स्वाशीर्वचोभिरमलैः परिबृंहयन्तु ॥ ५ ॥

॥ श्री गणेशाय नम ॥

गाथा-संवत्सरी

मानव-जीवनका प्रत्यक्ष लिखित सर्वप्राचीन प्रमाण ऋग्वेद ही है।' उसीमें 'एकोऽहं बहु स्यां प्रजायेय' की भावना व्यक्त हुई है कि मैं 'एक हू, मैं अनेक हो जाऊँ'। परम स्रष्टा परमेश्वरकी इसी सृष्टि भावनाके साथ ही विश्व भरमें फैली हुई जल-राशिके मध्यसे हिमालयकी चोटी ही धीरे-धीरे ऊपर उठी। इसीका समर्थन अमरीकाके प्रसिद्ध विद्वान् डेविसने सर्वप्रथम अपनी पुस्तक हारमोनियां (भाग ५, पृष्ठ ३२८) मे किया है जिसका उल्लेख 'वैदिक सम्पत्ति' ग्रन्थके २४६ पृष्ठपर किया गया है कि 'इस देशको समुद्रने स्थल प्रदान किया, इसीलिये इस देशका नाम सिन्धु-स्थान अर्थात् सिन्धुसे प्रदत्त किया हुआ स्थान कहते थे। इसी सिन्धु स्थानके निवासी सिन्धु या हिन्दू लोग हैं, जिनकी मातृभाषा किसी समय संस्कृत थी और जिन्होंने मानवीय विज्ञानके इतिहासमें सर्वप्रथम वेदके ज्ञानका विकास किया था। इसी सिन्धु शब्दसे 'हिन्दु, इन्डु, इन्दु तथा हिन्दू' शब्द बना जिससे इस देशका नाम अंग्रेजीमें इण्डिया पड़ गया।'

सर वाल्टर रैलेने अपने 'विश्वका इतिहास' (हिस्ट्री ऑफ दि वर्ल्ड) में भी यही स्वीकार किया है कि 'सृष्टिका प्रारम्भ भारतवर्ष (हिन्दुस्तान) से ही हुआ है।' यह भारतवर्ष इस पृथ्वी अर्थात् मृत्युलोकमें पुराणोंके अनुसार जम्बूद्वीपके अन्तर्गत नौ खण्डोंमेंसे एक है। इसका संक्षिप्त इतिहास यह है कि 'जब ब्रह्माजीने सृष्टिकी रचना प्रारम्भ की, उस समय सर्वप्रथम उन्होंने मानसी सृष्टि की। किन्तु इससे सृष्टिका अधिक विस्तार होते न देखकर उन्होंने मैथुनी सृष्टिका विधान किया। इस निमित्त उन्होंने सर्व-प्रथम स्वायम्भुव (स्वयं अपने आप उत्पन्न होनेवाले) मनुको पुरुष रूपमें और शतरूपा (बहुत रूप धारण करनेवाली या बहुत सृष्टि करनेवाली)

को स्त्री रूपमें उत्पन्न किया और उन्हींसे यह मानवीय सृष्टि हो चली। यदि इसे रूपक मान लें तो यों कह सकते हैं कि जिस प्रकार अन्य जीव उत्पन्न हुए उसी प्रकार सर्वप्रथम एक पुरुष और एक स्त्री हुई और उसीसे सारी सृष्टि उपत्र हो चली। उस मनुसे उत्पन्न होनेके कारण ही यह सम्पूर्ण मानव जाति मनुष्य या 'मनुकी' कहलाती है। उन्हीं मनुष्योंमें ही एक ऐसा प्रतापी विवेकशील मनु भी हुआ जिसने मनुष्योंके आचार व्यवहारको सम्पन्न करनेकी व्यवस्था दी। वही व्यवस्था मनुस्मृति है और उसीके आधारपर वर्तमान हिन्दू विधान भी बना। यही मनुकी आचार-पद्धति अन्य अनेक याज्ञवल्क्य, पराशर, शंख, देवल, यम, नारद आदि स्मृतिकारोंके संशोधन, परिवर्तनके साथ अनन्तकालतक भारतीय राज्यशासन तथा समाज-शासनका प्रधान सूत्र मानी जाती रही है।

सर्वप्रथम स्वायंभुव मनुके पुत्र राजा प्रियव्रत हुए जिनके अग्नीध्र, अग्निबाहु, यज्ञबाहु, महावीर, हिरण्यरेता, घृतपृष्ठ, सवन, मेधातिथि, वीतिहोत्र और कवि नामक दस पुत्र हुए। इनमेंसे कवि, महावीर और सवन तो परमहंस साधु होकर विरक्त हो गए अतः स्वायंभुव मनुने अपना राज्य सात भागोंमें विभक्त करके अपने शेष सातों पुत्रोंमें बाँट दिया। ये सात भू-भाग ही इतिहासमें सप्तद्वीपके नामसे प्रसिद्ध हैं—

१ जम्बूद्वीप (एशिया) २ प्लक्ष (दक्षिण अमरीका) ३ शाल्मली (आस्ट्रेलिया) ४ कुश (ऐबीसिनिया या ओशीनिया) ५ क्रौंच (अफ्रीका) ६ शाकद्वीप (योरप) ७ पुष्कर द्वीप (उत्तर अमरीका)

भारतवर्ष

राजा प्रियव्रतके ज्येष्ठ पुत्र अग्नीध्रको जम्बूद्वीप (एशिया) का राज्य मिला। यह द्वीप आकारमें गोल है और चारों ओर खारे समुद्रसे घिरा हुआ है। राजा अग्नीध्रने इस जम्बूद्वीपके नौ खण्ड करके अपने नौ पुत्रोंको एक-एक खण्ड बाँट दिया। इन्हीं अग्नीध्रके ज्येष्ठ पुत्रका नाम था 'नाभि'।

नामके पुत्र हुए ऋषभदेवजी जिनके पुत्र भरतने अपने नामसे उसी राज्यका विस्तार किया और उसका नाम भरतखण्ड या भारतवर्ष पड़ गया (भागवत स्कन्ध ५, अध्याय ४; स्कन्ध ११, अध्याय २ तथा वायुपुराण और हरिवंश पुराण)

यह पृथ्वी या मृत्युलोक समस्त ब्रह्माण्डके मध्यमें मानी गई है। इसके ऊपर भू, भुव, स्व, मह, जन, तप:, तथा सत्य नामके सात लोक और नीचे अतल, वितल, सुतल, तलातल, रसातल, महातल और पाताल नामके सात लोक हैं। इस भू लोकके भी चार भाग हैं—पितृलोक, नरकलोक, प्रेतलोक और मृत्युलोक। मृत्युलोकके मध्यमें ही यह भारतवर्ष (भरतखण्ड) है।

वर्तमान भारतवर्ष (हिन्दुस्थान), उत्तरमें हिमालयसे लेकर दक्षिणमें भारतीय महासागरके तटपर स्थित कन्याकुमारी-तक, पूर्वमें असम-से लेकर पश्चिममें पञ्जाब-तक माना जाता है किन्तु पहले इसका विस्तार बहुत-लम्बा चौड़ा था। अशोकके समयमें ही इसका विस्तार वहाँतक या जहाँ आजकल अफगानिस्तान, फारस, बलोचिस्तान और पाकिस्तान है, अर्थात् पश्चिममें सिन्धुसिन्धुका पूरा प्रदेश भारतवर्षकी सीमामें ही था। यह देश धर्मप्राण और कृषि प्रधान है। यहाँ सब प्रकारकी उपज होती है। यहाँकी राष्ट्रभाषा हिन्दी है किंतु विभिन्न प्रान्तोंमें विभिन्न प्रान्तीय भाषाएँ बोली जाती हैं। यहाँके मुख्य निवासी आर्य और द्रविड जातिके हैं जो वेद, शास्त्र, पुराण माननेवाले हिन्दू हैं अथवा हिन्दू धर्मसे सम्बद्ध जैन, बौद्ध, पारसी और सिक्ख आदि हैं। बाहरसे आनेवाली बहुत-सी जातियोंने तो यहाँ आकर हिन्दू धर्म स्वीकार करके यहाँकी जातियोंसे निकट सम्पर्क प्राप्त कर लिया किन्तु मुसलमानोंने यहाँ आकर अपना विदेशीपन बनाए रक्खा, यहाँतक कि उन्होंने जिन भारतीयों-को तलवारके बलपर मुसलमान बनाया उनका आचार-व्यवहार भी उन्होंने शुद्ध विदेशी बना दिया। यही कारण है कि भारतवर्षको बलपूर्वक

द्विराष्ट्र सिद्धान्त मानकर अनिच्छापूर्वक हिन्दुस्तान और पाकिस्तानके दो अस्वाभाविक भागोंमें विभक्त होना पड़ा। बाहरसे पिछले दो-तीन सौ वर्षोंमें जो पुर्तगाली, स्पेनी, फ्रांसीसी, डच, और अंग्रेज आदि जातियाँ व्यापारके लिये आई वे अपने साथ ईसाई धर्म भी लेती आई। इन्होंने अनेक प्रकारके उपायोंका अवलम्ब लेकर भारतीयोंको ईसाई बनाया और उनका आचार विचार भी योरोपीय ईसाइयोंके समान बनाकर विदेशी बना दिया किन्तु हमारा व्यवहार उनके साथ अभीतक भी प्रेमपूर्ण और सद्भावना-से युक्त रहा है।

हिन्दू

पुराणोंने जिस समय जन्म लिया उस समय 'हिन्दू' शब्दका इतना अधिक विस्तृत प्रचार हो गया था कि अनेक पुराणोंमें कई स्थलोंपर हिन्दू शब्दका उल्लेख आया है। आजसे चार सहस्र वर्ष पूर्व विश्वमें हिन्दू ही सर्वप्रमुख थे। भगवान् मनुने मनुस्मृतिके प्रारम्भमें ही कहा है—

एतद्देशप्रसूतस्य सकाशादग्रजन्मन।
स्व स्व चरित्र शिक्षेरन् पृथिव्या सर्वमानवा ॥

अर्थात् इस देशमें उत्पन्न अग्रजन्मा ब्राह्मणोंने विभिन्न देशोंमें जाकर अपने चारित्र अर्थात् आचार विचारकी शिक्षा दी। इसका अर्थ यह है कि जिस समय हिन्दू जाति सभ्यताकी पराकाष्ठापर पहुँच चुकी थी उस समय विश्वके अनेक भागोंमें केवल वन्य जातियाँ ही निवास करती रहीं जिन्हें ब्राह्मणोंने समय-समयपर जाकर शिक्षा दी। हिन्दू सम्राटोंमें इतने प्रतापी राजा हो गए हैं जिनके राज्यमें सूर्य अस्त नहीं होता था। ऐसे राजाको चक्रवर्ती सम्राट् कहते थे। (अमरकोष खंड २, क्षत्रवर्ग)।

हिन्दू शब्दको विदेशी माननेकी भूल नहीं करनी चाहिए। इसकी शब्द-व्याख्या हिन्दू धर्म-व्यवस्था (खंड १, पृष्ठ १२ से २६), श्री रामदास गौड़-रचित 'हिन्दुत्व', श्री भारतीय तीर्थ दिग्दर्शन, प० कालूराम कृत 'हिन्दू'

तथा गोरखपुरके कल्याण पत्रके 'हिन्दू संस्कृताङ्क' आदि अनेक ग्रन्थोंमें सप्रमाण की गई है ।

वेद

अधिकांश हिन्दू वेदको अपौरुषेय मानते हैं और उसे श्रुति (सुनी हुई) मानते हैं क्योंकि सम्पूर्ण वेद परम्परासे सुनकर ही प्राप्त किया गया है और सुनकर ही उसे लोग ज्योंका त्यों कंठस्थ करते चले आए हैं। पीछे चलकर महर्षि शौनकने मन्त्रोंका संकलन करके वेदोंकी संहिता बनाई। इसके पश्चात् द्वापर युगकी समाप्ति और कलियुगके प्रारम्भमें महर्षि पराशरके पुत्र भगवान् श्री कृष्णद्वैपायन व्यासजीने वेद वेदांगोंको सरल और सुलभ करके उसका विस्तार किया।

सृष्टिका आरंभ

वर्तमान सृष्टिका आरंभ जाननेके लिये हमें तत्संबंधी गणना-विधान भी जान लेना चाहिए। ब्रह्माकी आयु १०० वर्षकी मानी गई है किन्तु उनका एक वर्ष हमारे वर्षोंसे ३६० गुना बड़ा होता है। ऐसे ५० वर्ष बीत चुके हैं और इक्यावनवें वर्षका पहला दिन चढ़ा है जिसमें १३ घड़ी, ४२ पल, ३ विपल और ४३ प्रतिविपल बीत चुके हैं। यह वाराह-कल्प चल रहा है जिसमें छ मन्वन्तर (स्वायंभुव, स्वारोचिष, उत्तम, तामस, रैवत, चाक्षुष) बीतनेके पश्चात् सातवें वैवस्वत मन्वन्तरके अट्ठाइसवें कलियुगका पाँच सहस्र छप्पनवाँ-सत्तावनवाँ संवत् यह २०१२ विक्रमी संवत् या १६५५ ईसवी सन् चल रहा है। इस गणनासे वर्तमान सृष्टिको प्रारंभ हुए १६६०८५३०५७ वर्ष होते हैं और प्रलय होनेमें २३३३२२६६४३ वर्ष शेष हैं। इस प्रकार इस सृष्टिकी कुल आयु ४२६४०८०००० वर्षकी होती है। इस गणनाका प्रमाण भगवद्गीतामें भी इस प्रकार दिया गया है—

सहस्रयुगपर्यन्तमहर्यद्ब्रह्मणो विदु —
रात्रिं युगसहस्रान्तां तेऽहोरात्रविदो जनाः ॥ [गीता अ०८, श्लो०१७॥]

एक सहस्र चौयुगी (चार युग) तक ब्रह्माका एक दिन होता है और चार युगतक हो ब्रह्माकी रात्रि भी होती है। इसी गिनतीको ज्योतिषी लोग ब्रह्माकी अहोरात्रि अर्थात् रातदिन मानते हैं। यही बात महाभारतके शान्तिपर्व (अध्याय २३१, श्लोक ३१), निरुक्त (१४, ६), शाकल्य-संहितान्तर्गत ब्रह्मसिद्धान्त (१, ४४, ५५) तथा पूर्ण विवरणके साथ मनुस्मृति (अध्याय १; श्लोक ६६से ७३ तक) दिया हुआ है। इस गणनाके लिये हिन्दू ज्योतिष-शास्त्रकी गणना-पद्धति जान लेनी चाहिए। उसके अनुसार नौ गुरुवरका एक पल, ६० पलकी एक घड़ी, ६० घडीका एक रातदिन (अथवा ६० सेकेण्डका एक मिनट, ६० मिनटका एक घण्टा, २४ घण्टेका एक रातदिन), अट्ठारह पलकी एक काष्ठा, तीस काष्ठाकी एक कला, ३० कलाका एक मुहूर्त, ३० मुहूर्तका एक दिन-रात। सूर्योदय-से सूर्यास्त-तक दिन और सूर्यास्तसे सूर्योदय-तक रात समझी जाती है। ७ दिनका एक सप्ताह, दो सप्ताह (१५ दिनका) एक पक्ष, २ पक्ष (३० दिन) का एक मास, २ मासकी एक ऋतु, ३ ऋतुका एक अयन, २ अयन (१२ महीने) का एक वर्ष, छह महीने सूर्य उत्तरायणमें और छ महीने दक्षिणायणमें रहता है। उत्तरायणमें दिन बडा होता है और दक्षिणायनमें रात। सूर्यके चारों ओर पृथ्वी जो चक्कर काटती है उस चक्करके कारण ऋतुएँ बदलती हैं। कन्याराशिके आठ अंश २३ या २४ सितम्बरको तथा मीनराशिके आठ अंश २० या २१ मार्चको पडते हैं। इन दोनों तिथियोंको सूर्यकी किरणें दोनो ध्रुवोंपर पहुँच जाती हैं। इसलिये उन तिथियोंमें रात दिन बराबर होता है।

२१ जूनको क्निलैण्डके उत्तरी भागमें सूर्य एक क्षणके लिये भी नहीं डूबता। उस तारीखको पूरे चौबीस घंटेका दिन होता है। २२ जून-को आठ मिनटके लिये डूबता है, २३को १६ मिनटके लिये और फिर इसी प्रकार धीरे धीरे बढ़ता जाता है। २३ सितम्बरको १२ घण्टेका दिन और १२ घंटेकी रात होती है। इसके पश्चात् दिन छोटा होने लगता है, रात

बड़ी होने लगती है और फिर २१ दिसम्बरको पूरे चौबीस घटेकी रात हो जाती है जिसमें सूर्यका दर्शन ही नहीं होता। २१ मार्चको पुन १२ घटेका दिन और १२ घटेकी रात्रि होती है और २१ मार्चसे २३ सितम्बर-तक छह महीनेका दिन और २४ सितम्बरसे २० मार्च-तक छह महीनेकी रात होती है जिसमे प्रकाश दिखाई ही नहीं पड़ता।

पहले लोग मानते थे कि सूर्य ही पृथ्वीके चारो ओर घूमता है किन्तु अब यह मत पूर्णत निराधार सिद्ध हो चुका है। वास्तवमे पृथ्वी ही सूर्यके चारों ओर घूमती है। इसी सूर्यके चारों ओर हमारी पृथ्वी तीन सौ पैंसठ दिनमें एक चक्कर लगाती है इसीलिये हमारा वर्ष ३६५ दिनका होता है। हमारे एक वर्षका ही देवताओंका एक दिन होता है। इस गणनाके क्रमसे हमारे ३६० वर्षोंमें देवताओंका एक वर्ष होता है। इस प्रकार देवताओंके चार सहस्र वर्ष (हमारे १७२८००० वर्ष) का सतयुग, ३००० देव वर्ष (हमारे १२९६००० वर्ष) का त्रेता, २००० देव वर्ष (हमारे ८६४००० वर्ष) का द्वापर, १००० देव वर्ष (हमारे ४३२००० वर्ष) का कलियुग होता है। इस प्रकार चारों युगोंके मनुष्य-वर्षोंकी सख्या ४३२०००० होती है। यही एक चौयुगी (चतुर्युगी) कहलाती है। ऐसी ऐसी ७१ चतुर्युगियोंका एक मन्वन्तर होता है। ऐसे १४ मन्वन्तर बीतनेपर ब्रह्माका एक दिन होता है और इसीको कल्प कहते हैं। विद्वानोंका मत है कि इस गणनामें सध्या और सध्याश कालके २५९२०००० सवत् और बढ़ाकर जोड़ देने चाहिएँ। (विष्णुपुराण अ० ६ अ० ३, मत्स्यपुराण अ० १४१, स्कन्द पुराण खड ७ अ० २७२, हिन्दी शब्दसागर पृष्ठ २८०)।

श्री उदयनाचार्यजीने भी यही ४२९४०८०००० वर्षकी ही सख्या को ठीक माना है। इसके अतिरिक्त सिद्धान्त शिरोमणि, मनुस्मृति अ० १ श्लोक ६४ से ७९, महाभारत शातिपर्व, मोक्षधर्म अ० २३१ आदि सब यही सख्या मानते हैं।

सूर्यसिद्धान्तके प्राचीन मानसे आधुनिक मानस्र अंतर ८ पल, ३४ विपल होता है। प्राचीन अयन गति ६० पल और आधुनिक अयन-गति ५० पल २६ विपल हो गई है इसीलिये अब नौ पल और ३४ विपलका अंतर पड़ गया है। इस प्रकार ६ पल ३४ विपल तथा ८ पल ३४ विपलमें केवल एक पलका अंतर होता है। इष्टकाल भी सूर्योदयसे माना जाता है।

सूर्य

सूर्य पृथ्वीसे लगभग ६ करोड़ ३० लाख मील दूर है। इसके प्रकाश की गति १८६००० मील प्रति सेकेण्ड चलकर साढे ८ मिनटमें पृथ्वी-तक पहुँचती है। सूर्यका व्यास पृथ्वीसे १०६ गुना बड़ा और सूर्य भी पृथ्वी-के आकारसे १३ लाख गुना बड़ा माना जाता है। सूर्य और सभी नक्षत्र पूर्वसे पश्चिमकी ओर घूमते हुए ध्रुवतारेकी परिक्रमा करते हैं। हमारे यहाँ सूर्यसे चन्द्रमाकी दूरी मापकर ही तिथिका विचार किया जाता है। भारतीय ज्योतिषियोंने सूर्यके मार्गवाले वृत्त (राशिचक्र) को १२ मार्गों-में विभक्त किया है और इन १२ राशियोंको उनमें पड़ते हुए नक्षत्रोंकी रूप-रेखाके अनुसार निम्नांकित नाम दिए हैं—मेष, वृष, कर्क, सिंह तथा कन्या ३१-३१ दिन, मिथुन, ३२ दिन, वृश्चिक और धनु २६ दिन तथा तुला, मकर, कुम्भ और मीन ३० दिनके होते हैं। इन बारह महीनोंमें २७ नक्षत्र पड़ते हैं—अश्विनी, भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाती, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिष, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।

पृथ्वी जब सूर्यके चारों ओर एक परिक्रमा कर लेती है उसे सौर वर्ष कहते हैं। यह परिक्रमा ३६५ दिन, ५ घंटे, ४८ मिनट और साढ़े सैंतालीस सेकेण्डमें होती है।

चन्द्रमा

चन्द्रमा आकारमें पृथ्वीसे छोटा और २४०००० मील दूर है। इसका व्यास २१६० मील है। यह २७ दिन, १२ घटे, ४८ मिनट और ४७॥ साडे सैंतालिस सेकेण्डमें पृथ्वीके चारों ओर एक चक्कर लगा जाता है, अत उतने समयको चान्द्रमास कहते हैं। चन्द्रमा प्रति दिन राशिचक्रमें पश्चिमसे पूर्वकी ओर १३ अश, १० कला, ३४ विकला और ५२ अनुकला चलता है किन्तु सूर्य प्रतिदिन ५६ कला और ८ विकला चलता है इसलिये सूर्यसे १२ अश, ११ कला, ४७ विकला प्रतिदिन चन्द्रमाकी गति अधिक होनेसे एक तिथि होती है। यह साधारण सी गणना है। जब च द्रमाकी कला बढती है तब शुक्लपक्ष और जब घटती चलती है तब कृष्णपक्ष होता है। शुक्लपक्षकी अष्टमीके दिन चन्द्रमा ९० अश सूर्यसे पूर्व रहता है इसलिये अर्धचन्द्र दिखाई देता है। च द्रमामें स्वय अपना प्रकाश नहीं है। वह सूर्यकी किरणों द्वारा प्रकाशित होता है। इसलिये चन्द्रमडलका एक ओर १५ दिन-तक प्रकाशित एव दूसरी ओर अन्धकार रहता है। सूर्यसे चन्द्रमा १२ अश आगे चलता है। अमावास्याके पश्चात् पहले दिन १२ अश चलनेसे शुक्लपक्षकी प्रतिपदा, दूसरे दिन पुन १२ अश चलनेपर द्वितीया और इस प्रकार १८० अशतक चलनेसे शुक्लपक्ष पूर्ण होकर पूर्णिमाके दिनसे इसके विपरीत क्रमश १२ अश सूर्यके निकट होते जानेपर कृष्णपक्ष होता है। अमावास्याके दिन पृथ्वी और सूर्यके ठीक बीचमें च द्रमा होता है। सूर्यसे च द्रमा जितनी दूर होगा उतनी ही च द्रमाकी कला बढेगी और जितना ही पास होगा उतनी ही कला घटेगी। और जब सूर्यके दोनों ओर १२ अशके भीतर चन्द्रमा रहता है तब वह दिखाई नहीं पड़ता। बारहों राशियोंमें च द्रमा ४५४ दिन, ६ घटे, ४८ मिनट, ३३.५५ सेकेण्डमें घूम जाता है। यही चान्द्र वर्ष कहलाता है। इसी कारण ५ वर्षके भीतर दो अधिक मास (पुरुषोत्तम मास) पड जाते हैं।

संवत्

प्राचीन कालमें ५ प्रकारके सम्वत् चलते थे। जिनके नाम तथा दिन-संख्या इस प्रकार थी—

सम्वत्सर ३६५ दिन; परिवत्सर ३५४ दिन; इदावत्सर ३८४ दिन, अनुवत्सर ३५४ दिन और इद्वत्सर ३८३ दिन। ये सम्वत्सर ६० होते हैं जिनके अलग अलग निम्नलिखित नाम हैं—

१. प्रभा, २. विभव, ३. शुक्ल, ४. प्रमोद, ५. प्रजापति, ६. अंगिरा, ७. श्रीमुख, ८. भाव, ९. युवा, १०. धाता, ११. ईश्वर, १२. बहुधान्य, १३. प्रमाथी, १४. विक्रम, १५. वृष, १६. चित्रभानु, १७. सुभानु, १८. तारण, १९. पार्थिव, २०. व्यय, २१. सर्वजित्, २२. सर्वधारी, २३. विरोधी २४. विकृति, २५. खरनाम, २६. नन्दन, २७. विजय, २८. जय, २९. मन्मथ, ३०. दुर्मुख, ३१. हेमलम्ब, ३२. विलम्ब, ३३ विकारी, ३४. शार्वरी, ३५. प्लव, ३६. शुभकृत्, ३७. शोभन, ३८. क्रोधी, ३९. विश्वावसु ४०. पराभव, ४१. प्लवग, ४२. कीलक, ४३. सौम्य, ४४. साधारण, ४५. विरोधकृत्, ४६, परिधावी, ४७. प्रमादी, ४८. आनन्द, ४९. राक्षस, ५०. नल, ५१. पिंगल, ५२. कालयुक्त, ५३. सिद्धार्थ, ५४. रौद्र, ५५. दुर्मति, ५६. दुन्दुभि, ५७. रुधिरोद्गारी, ५८. रक्ताक्ष, ५९. क्रोधन, ६०. क्षय।

योगदर्शन विभूतिपाद २६, २७, २८, मे लिखा है—

'भुवनज्ञानं सूर्यसंयमात्, चन्द्रे ताराव्यूहज्ञानं, ध्रुवे तद्गति ज्ञानं'

अलबरूनी, नित्यानन्द तथा चिन्तामणि विनायक आदिने लिखा है—'यह सर्वथा मिथ्या है कि ज्योतिष अर्थात् नक्षत्र, वार, तिथिकी गणना हमारे यहाँके पंडितोंने यूनानियोंसे ली।' अब तो विदेशी विद्वान् यह मान गए हैं कि भारतीय ज्योतिष सिद्धान्तकी गणना उनकी अपनी ही स्वतन्त्र पद्धति है। हमारे चैत्र आदि मासोंके नाम नक्षत्रोंके आधारपर रक्खे गए हैं।

सूर्य और चन्द्रकी गतिके आधारपर ये तिथि और नक्षत्र निर्धारित होते हैं।

हमारी काल-गणनामें कल्प, मन्वन्तर, युग तथा संवत्सर सबके अलग अलग नाम हैं और प्रत्येक युगमें अलग-अलग संवत् चलते हैं। सत्ययुगमें ब्रह्म संवत्, त्रेतामें वामन, परशुराम और श्रीराम संवत्, द्वापरमें युधिष्ठिर संवत् और कलिमें बौद्ध, विक्रम, शक, ईसवी आदि।

संसारमें प्रसिद्ध विभिन्न संवत्

ईसासे पूर्व

१९६०८५११०२ सृष्टि-जन्म संवत्
९६०००४९६ चीनी संवत्
१८७९९६६ पारसी संवत्
२५६५२ मिस्री संवत्
६७७७ सप्तर्षिकाल या लौकिक संवत्
५५०९ कुस्तुन्तुनियाँ संवत्
४००४ ईरानी संवत्
३७५९ यहूदी संवत्
३१२८ बार्हस्पत्य काल या षष्ठि-संवत्सर
३१०२ कलियुग-गताब्द या कल्यब्द संवत्
३१०२ भारत युद्धाब्द या यौधिष्ठिर संवत्
१९१९ इब्राहीमी संवत्
११७७ परशुराम-चक्र या सहस्र संवत्
११२१ मूसवी संवत्
७७६ १ जुलाईसे ओलिम्पियाद् संवत् आरम्भ
७५२ रोम संवत्, रोमनगरकी स्थापनाके समयसे
५४३ बुद्धनिर्वाणाब्द या बौद्ध संवत्
५४३ ब्रह्म संवत् (ब्रह्मदेशके बौद्धोंमें प्रचलित)

ईसासे पूर्व

५२७ महावीर मोक्षाब्द या वीर संवत्
३७२ मौर्याब्द या मौर्य संवत्
३१२ सेल्यूकी संवत् (सेल्यूकसका चलाया हुआ)
२४७ पार्थीय संवत् (पार्थियाका संवत्)
५७ मालवगणाब्द या विक्रम संवत्
४५ जूलियन संवत्

ईसाके जन्मसे

१ ईसवी सन् (ईसाके जन्मवाले वर्षकी जनवरी अर्थात् रोमांजिकाके सात सौ तिरपनवें वर्ष या जूलियन संवत् पैंतालिससे आरम्भ)
२४ ग्रहपरिवृत्ति-चक्र
७४ यव-द्वीप (जावा) में प्रचलित शकाब्द
७८ शकाब्द या शालिवाहन-संवत्
८१ बालि द्वीपमें प्रचलित शकाब्द
२४९ चेदी-कल्चुरी संवत्
३०१ वलभी संवत्
३१९ गुप्तकाल या गुप्त संवत्
५८१ फ़ारसी संवत्
५९३ फसली संवत्
५९४ बँगला संवत्
६०७ हर्षाब्द या हर्ष संवत्
६२१ त्रिपुराब्द (स्वाधीन त्रिपुरामें प्रचलित संवत्)
६२२ १६ जुलाईसे हिजरी सन् (पैग़म्बर मुहम्मदके मक्केसे मदीने चले जानेके दिनसे)

ईसाके जन्मसे

- ६३२ १६ जूनसे पारसी जलाली यदेंज़र्द-संवत्
- ६३८ ब्रह्मदेशका मगी संवत्
- ७४६ २६ फ़रवरीसे नवोनसर संवत्
- ८३४ कोलम्बाब्द (कोल्लम् आन्दु) या परशुराम शक या परशुराम संवत्
- ८८० नेवार अब्द या नेपाली संवत्
- १०१६ चालुक्य संवत्
- १०७६ मार्चसे मालिकी जलाली संवत्
- ११९४ सिंह संवत् (शिवसिंह संवत्)
- १११६ लक्ष्मणसेनाब्द या लक्ष्मण संवत्
- १३४४ महाराष्ट्र देशमें प्रचलित सूर सन्
- १४८६ चैतन्याब्द संवत्, महाप्रभु चैतन्यके जन्म-दिनसे
- १४८७ तुलसी-जन्म संवत्
- १४६४ श्री श्रीचन्द्राब्द संवत्
- १५५६ विलायती या अमली सन् (उत्कलमें प्रचलित)
- १५८४ तारीख़ इलाही संवत् (अकबर-द्वारा प्रचलित)
- १६२३ तुलसी-मोक्ष संवत्
- १६५६ बीबापुरी जुलूस सन्
- १६६४ राज्याभिषेक या शिव-संवत्
- १७६३ गुरु-वनखंडि-जन्म संवत्
- १८६३ गुरु-वनखंडि-महानिर्वाण संवत्

उपर्यंकित संवतोंके अतिरिक्त संसारमें और भी अनेक संवत् प्रचलित हैं।

गाथा संवत्सरी

[जिन अंकोंसे पूर्व फूल लगा है उन्हें लगभग समझना चाहिए]

ई० पू०

*५००००००००० पृथ्वीका जन्म (चन्द्रमाकी उत्पत्तिकी गणनाके अनुसार)।

*५००००००००० से १०००००००००० पृथ्वीका जन्म (बुधके कक्षकी विकेन्द्रताके अनुसार)।

*३००००००००० पृथ्वीका जन्म (सबसे पुरानी चट्टानोंमें उपस्थित यूरेनियम अथवा थोरियम और सीसेकी मात्राके अनुसार)।

*३००००००००० से २००००००००० पृथ्वीका जन्म (आकाशगंगासे सौरमण्डलके दूर हटनेकी गतिके अनुसार)।

*१९५८९४७०६६ पृथ्वीका जन्म (आर्य ज्योतिषकी गणनाके अनुसार)।

*१५०००००००० पृथ्वीका जन्म (पृथ्वीके द्रव्योंके रेडियमधर्मी चक्रोंके अनुसार)।

* ३३००००००० पृथ्वीका जन्म (समुद्रके खारीपनकी गणनाके अनुसार)।

* ३००००००००० से १६००००००० पृथ्वीका जन्म (स्तर-संस्थित चट्टानोंकी मोटाइके अनुसार)।

* १८१४८१०२ वैवस्वत मन्वन्तरके चौबीसवें त्रेताके चैत्र मासके शुक्लपक्षकी नवमीको मध्याह्न काल, अभिजित् नक्षत्र, वसन्त ऋतुमें, अयोध्या नगरीमें महाराज दशरथकी महारानी कौशल्यासे श्रीरामचन्द्रजीका अवतार हुआ। इनकी धर्मपत्नीका नाम सीता था। इनके लव और कुश दो पुत्र थे। भरत, लक्ष्मण और

ई० पू०

शत्रुघ्न इनके तीन छोटे भाई थे। अपनी विमाता कैकेयीकी आज्ञासे चौदह वर्षतक वनमें रहे और लंकाके राजा रावणका वध करके अयोध्याकी गद्दीपर बैठे। इन्होंने ११००० वर्ष राज किया। रामने कुशको अयोध्याका, लवको अयोध्याके उत्तरका, शत्रुघ्नके पुत्रोंको मथुरापुरीका, लक्ष्मण और शत्रुघ्नके दो पुत्रोंमेंसे चन्द्रकेतुको चन्द्रकला-पुरीका और अंगदको अंग देशमें कारपथपुरीका, भरतके दो पुत्रोंमेंसे तक्षको तक्षशिलाका और पुष्करको पुष्करावती (पेशावर) का राज्य दिया।

*१८१४८१०२ महर्षि वाल्मीकि और वाल्मीकीय रामायणका समय। रामायणमें २४ हजार श्लोक, १०० उपाख्यान, ५०० सर्ग और छह काण्ड हैं। उत्तरकाण्ड परिशिष्ट है।

*१५००००००० वैज्ञानिकोंके मतानुसार प्राचीनतम मनुष्यका जन्म।

* २०००००० पृथ्वीका जन्म (कैल्डियावालोंके मतानुसार)।

* १२५०००० वैज्ञानिकोंके मतानुसार वर्तमान रूपवाले मनुष्यका जन्म।

* ५००१०० पृथ्वीका जन्म (बेबिलोनिया-वालोंकी गणनाके अनुसार)

* २०४००० भूमिके अर्द्ध भागमें अन्तिम हिमाच्छादन हुआ।

* ६०००० भूमध्यसागरके उत्तर योरोपमें निएण्डर्थल जातिके मनुष्य गुफाओंमें रहते थे, जब भारतमें सभ्यता पूर्णत विकसित थी।

* ३०००० से २५००० योरोपमें अरिग्नेशी मानव।

* २५००० उत्तर अफ्रीका या दक्षिण एशियामें एक नई क्रोमेग्नन और ग्रिमाल्डी नामकी मानव जाति प्रकट हुई।

ई० पू०

*१८००० लोकमान्य तिलकके मतानुसार ऋग्वेदके दशम मण्डलका ८६वाँ 'वृषाकपि' सूक्त प्रकट हुआ।

*१७००० लोकमान्य तिलकके मतानुसार ऋग्वेदके दशम मण्डलके ८५ वें सूक्तका १३वाँ मन्त्र प्रकट हुआ।

*१६००० दक्षिणी स्पेनमें क्रोमेग्नन्के पश्चात् ऐबीलियन जातिके मनुष्य प्रकट हुए।

*१६००० पश्चिमी योरपमें मग्दलीनियन मनुष्य-जातिका प्रचार।

*१०००० फ्लिंडर्स पेत्रीके अनुसार नील नदीके कछारमें मिस्री सभ्यताका प्रारम्भ।

* ७००० से ६००० योरोपमें धातुयुगके मनुष्य प्रकट हुए।

* ६००० से ५००० फ़रात नदीके तटपर सुमेरियोंका प्रसिद्ध नगर निप्पर था।

* ६००० भारतके सिंधु प्रदेशमें मोहनजो दड़ो नगर था।

* ५५०० सुमेरियामें असुर नगर और असुर देवताकी स्थापना हुई।

* ४५०० सेमैटिक वनिवालोंने सुमेरियापर शासन जमाया।

* ४५०० लोकमान्य तिलकके मतानुसार वेदके कुछ मन्त्र प्रकट हुए, विशेषतः ऋग्वेदके द्वितीय मण्डलके ३६वें सूक्तका दूसरा मन्त्र।

* ४००० नवीन इतिहासकारोंके अनुसार धातु अर्थात् लोहे-ताँबेके अस्त्रशस्त्र बनने प्रारम्भ हुए। इससे पूर्व ये पाषाण युग मानते हैं।

ई० पू०

* ४००० से २५०० कुछ इतिहासकारोंके अनुसार भारतपर द्रविड़ोंका प्रभुत्व रहा किन्तु ३५०० ई० पू० में तो उत्तर भारतमें हस्तिनापुर तथा काशीमें अनेक प्रतापी आर्य राजा शासन कर रहे थे।

३४६८ चीनमें योकिङ्ग ताओके मूल ग्रन्थकी रचना हुई। ताओके मतका प्रचार चीनमें ५०० ई० पू० तक चलता रहा जिसके प्रवर्तक ल-ओ-त्से माने जाते हैं।

*३४०० मेन्स (मेनेस) ने उत्तर-दक्खिनी मिस्रको मिलाकर मिस्र राजरीत चलाया, मेम्फिसमें राजधानी बनाई और, फ़राऊओंकी उपाधि धारण की।

३३११ देवव्रत (भीष्म पितामह)का जन्म। इनके पिता शान्तनु और माता गंगा थीं। इन्होंने अपने पिताको प्रसन्न करनेके लिये आजीवन ब्रह्मचर्यका व्रत ले लिया था। ये बड़े वीर और पराक्रमी थे। महाभारतके युद्धमें कौरवोंकी ओरसे दस दिनतक युद्ध करके शिखण्डीके हाथों आहत होकर शरशय्या पर गिर गए और फिर ५८ दिनके पश्चात् उत्तरायण सूर्य होनेपर १६५ वर्षकी आयुमें माघ शुक्ल ८ को परम धाम चले गए।

[ब्रह्माके पुत्र दक्षकी जो कन्याएँ कश्यपसे व्याही गई थीं उनमेंसे अदितिके विवस्वान्, विवस्वान्के मनु और उनके इक्ष्वाकु नामक पुत्रसे सूर्यवंश चला और उनकी पुत्री इलासे चन्द्रवंश चला। इलाके पश्चात् तीसवें राजा हस्तिने हस्तिनापुर बसाया। इनके पश्चात् दसवाँ

ई० पू०

राजा प्रतीप हुआ जिनके पुत्र शान्तनुका पहला विवाह गंगासे और दूसरा सत्यवती (मत्स्यगंधा) से हुआ। गंगाके पुत्र देवव्रत (भीष्म) हुए और सत्यवतीके दो पुत्र विचित्रवीर्य और चित्रांगद हुए। शान्तनुके पश्चात् विचित्रवीर्य ही हस्तिनापुरके राजा हुए जिनकी दो स्त्रियाँ अम्बिका और अम्बालिका थीं।]

३२६८ कृष्ण द्वैपायन व्यासका जन्म। इनके पिता पराशर मुनि और माता सत्यवती थीं। इन्हीं व्यासने वेदके चार खण्ड किए और १८ पुराण तथा महाभारत आदिकी रचना की। इनके पुत्र शुकदेवजी और शिष्य वैशम्पायनजी थे।

३२५६ दुर्योधनके पिता धृतराष्ट्रका जन्म हुआ। महाभारत युद्धके पश्चात् १५ वर्षतक ये युधिष्ठिरके पास रहे। तत्पश्चात् १२० वर्षकी आयुमें इन्होंने वनमें जाकर प्राण-विसर्जन किया। इनकी पत्नीका नाम गान्धारी था।

३२५६ नीतिके प्रसिद्ध पंडित विदुरजीका जन्म हुआ। ये सम्बन्धमें भीष्मके भतीजे हो लगते थे। ये भी धृतराष्ट्रके साथ ही वनमें जाकर योगद्वारा मुक्त हुए।

३२३६ द्रोणाचार्यका जन्म हुआ। इनके पिता भरद्वाज और माता घृताची अप्सरा थीं। ये धनुर्विद्या और शस्त्रविद्याके अच्छे कुशल पण्डित थे और कौरव पाण्डवोंके गुरु थे। इन्होंने चार सहस्र श्लोकोंमें धनुः प्रदीपिका नामक ग्रन्थकी रचना की

ई० पू०

थी। महाभारतके युद्धमें कौरवोंकी ओरसे ५ दिन युद्ध करके मार्गशीर्ष शुक्ल १० को ६० वर्षकी आयुमें परम धाम सिधारे।

३२३६ शरद्वान् ऋषिके पुत्र कृपाचार्यका जन्म हुआ। इनकी बहिन कृपीका विवाह द्रोणाचार्यके साथ हुआ था। ये चिरजीवी हैं।

३२३६ बलरामका जन्म। इनके पिता वसुदेव, माता रोहिणी और पत्नी रेवती थीं। ये शेषके अवतार माने जाते हैं। यदुवंशका संहार होनेपर ये भी अपने शेष रूपमें लीन हो गए।

३२३५ भगवान् श्रीकृष्णका अवतार हुआ। ये सातवें वैवस्वत मन्वन्तरके २८वें द्वापरके ८६३८६५ वर्ष बीतनेपर मथुरामें कंसके कारागारमें चन्द्रवंशीय पिता वसुदेव तथा माता देवकीसे उत्पन्न हुए थे। उस समय विरोधी संवत्, दक्षिणायन सूर्य, सिंह राशि, भाद्रपद मास, कृष्णपक्ष ८ बुधवार, वर्षा ऋतु, रोहिणी नक्षत्र, वज्र योग, तात्कालिक करण, वृष राशिमें चन्द्रमा और सूर्योदयसे ४५ घड़ी ५ पल बीते थे। कंस आदि अनेक अत्याचारियोंका वध करके, महाभारतमें समस्त मदान्ध और अधर्मी राजाओंका विनाश कराकर तथा अपने बढ़े हुए कुलका भी क्षय कराकर ये १२५ वर्षकी आयुमें आजसे ५०६५ वर्ष पूर्व परम धाम पधारे। श्रीकृष्ण योगेश्वर, वीर, कुशल उपदेष्टा, चतुर राजनीतिज्ञ तथा सर्वगुण सम्पन्न थे। इनका

ई० पू०

३२०६ अर्जुनका जन्म हुआ। ये युधिष्ठिर और भीमके छोटे भाई और धनुर्विद्याके प्रकाण्ड वीर थे। उलूपी, सुभद्रा और चित्रांगदा इनकी पत्नियाँ थीं। चित्रांगदाका पुत्र बभ्रुवाहन था।

३२०८ नकुलका जन्म हुआ। इनके पिता पाण्डु और माता माद्री थीं। ये अश्व विद्याके अत्यन्त प्रखर पंडित थे।

३२०७ सहदेवका जन्म हुआ। ये नकुलके छोटे भाई थे।

३२०७ द्रौपदीका जन्म हुआ। ये पाञ्चाल-नरेश द्रुपदकी पुत्री थीं। ये १२ वर्षकी थीं जब स्वयंवरमें अर्जुनने इन्हें जीता था और ये पाँचों पाण्डवोंसे व्याही गई थीं। द्रौपदीके भाईका नाम धृष्टद्युम्न था।
[पाञ्चाल देश दिल्लीसे उत्तर-पश्चिम वर्तमान पंजाब था। इसीलिये द्रौपदी पाञ्चाली भी कहलाती थी।]

३१८७ श्रीकृष्णकी छोटी बहिन सुभद्राका जन्म हुआ। इनकी माता रोहिणी थीं। १४ वर्षकी अवस्थामें इनका अर्जुनसे विवाह हुआ था।

३१७२ खाण्डव-वन जलाया गया।

३१७१ मय दानवने युधिष्ठिरकी सभा भवन बनाया।

३१६५ भीमके हाथ जरासन्ध मारा गया।

३१६० पाण्डवोंकी दिग्विजय।

३१६० अभिमन्युका जन्म। इसके पिता अर्जुन, माता सुभद्रा और मामा श्रीकृष्ण थे। १४ वर्षकी अवस्थामें वीरतापूर्वक महाभारत युद्धमें लड़कर वीरोंके हाथ *अन्याय-पूर्वक मारा गया।*

ई० पू०

३१६० युधिष्ठिरका राजसूय यज्ञ हुआ। उसी वर्ष कौरवोंसे जूएमें सब कुछ हारकर पाँचों पाण्डव वन चले गए। बारह वर्ष वनमें बिता देनेके पश्चात् ये एक वर्ष विराट् नगरमें अज्ञातवास करते रहे और उसके अनन्तर विराट्के राजाकी पुत्री उत्तरासे अभिमन्युका विवाह करके उन्होंने सैन्य-संघटन किया।

३१४८ मार्गशीर्ष कृष्णा ११ को कुरुक्षेत्रमें महाभारतका युद्ध प्रारम्भ हुआ।

३१४६ मार्गशीर्ष कृष्णा ११ को भगवान् श्रीकृष्णने कौरवों और पाण्डवोंकी सेनाके बीच खड़े होकर अर्जुनको गीताका उपदेश दिया जो ७०० श्लोक और १८ अध्यायोंमें वर्णित किया गया है।

३१४८ मार्गशीर्ष शुक्ला पूर्णिमाको युधिष्ठिरका राज्याभिषेक और युधिष्ठिराब्द प्रारम्भ।

३१४५ अभिमन्यु और उत्तराके पुत्र परीक्षितका जन्म। महाभारतके युद्धमें अश्वत्थामाने ब्रह्मास्त्र चलाकर इन्हें गर्भमें ही मार डालना चाहा था किन्तु श्रीकृष्णके प्रतापसे वे जीवित हो गए।

३११० परीक्षितका राज्याभिषेक। उसी वर्ष महाराज युधिष्ठिर छत्तीस वर्ष राज्य करनेके पश्चात् परीक्षितको राज्य देकर, चारों भाइयों और द्रौपदीके साथ उत्तराखण्डमें जाकर स्वर्गवासी हुए। राजा परीक्षितके पश्चात् जनमेजयसे लेकर इस वंशमें पचीस राजा हुए। इनके पश्चात् तत्कुलवंशी राजाओंने पाँच सौ वर्ष राज्य किया। तत्पश्चात् पन्द्रह

ई० पू०

गौतम-वंशी राजाओंका इन्द्रप्रस्थमें राज्य रहा और उसके पश्चात् नौ मौर्यवंशी राजा हुए।

३१०२–३१०१ राजा परीक्षितके राज्यकालमें कलियुग और कलि-सम्वत्का प्रारम्भ।

३०४० वेदव्यासने बोलकर गणेशजीसे महाभारत लिखवाया।

*३००० मिस्रमें भवन निर्माण-कला समुन्नत थी।

*३००० से २००० एशिया कोचक (माइनर) में हित्ताइत जातिका राज्य था जो पृथ्वी और सूर्यकी पूजा करते थे।

*३००० से २५०० मिस्रमें पिरैमिड बने जो संसारके सात आश्चर्योंमेंसे एक समझे जाते हैं।

*३००० मोहनजो दड़ो और हड़प्पा नगर सिन्धुघाटीकी सभ्यताके परिचायक नगर विद्यमान थे।

*२६०० फराओ (मिस्रके राजा) खुफू या खेओप्सकी स्मृतिमें गिज़ेका महान् पिरैमिड बना जिसमें ढाई-ढाई टन भारवाले तेईस लाख पत्थर लगे हैं। यह ४८१ फीट ऊँचा और इसकी भूमितल भुजाएँ ७५५-७५५ फीट लम्बी-चौड़ी हैं। कहा जाता है कि बीस वर्ष-तक एक लाख मनुष्योंने इसे बनाया।

*२८०० सेमेटी जातिके फ़िनीशी लोग सुरियाके तटपर आ बसे।

२७५० सारगोन प्रथमके हाथों सुमेरी साम्राज्यका अन्त हुआ।

*२७०० सिंधमें प्राप्त सिन्धु-घाटीकी सभ्यताकी मुद्राओंकी तिथि।

२३५५ से मिस्रमें ३०० वर्षतक अराजकता।

२१६० थीब्स (थेबेस) नगरमें नेगूपेनने नया मिस्री राज्य चलाया।

ई० पू०

२१३३ से १६५५ भारतमें प्रद्योतवंशी द्दानियोंका राज्य रहा।

२१०० हम्मूरबीने बाबुल (बेबिलोनिया) जीता।

*२००० योरोपमें ताँबेका प्रयोग चला।

१६५५ से १६३५ भारतमें शेषनाग-वंशियोंका राज्य रहा।

१७५० चीनमें शाङ् राजवंशकी स्थापना।

१६०० क्रेते (क्रीट) की सभ्यताका चरमोत्कर्ष।

१६०० से ११५० मिस्र-साम्राज्य चला।

१५८० मिस्रमें हुक्सस राज्य समाप्त हुआ। अरबोंने मिस्र जीत लिया।

१५०१ से १४७६ मिस्रपर महारानी हातेशेप्सुतका स्वर्ण शासन।

१४७९ से १४४७ मिस्रके चक्रवर्ती राजा थोथमस तृतीयने करनाकका मन्दिर-निर्माण प्रारम्भ किया जो दो सहस्र वर्षोंमें पूर्ण हुआ।

१४३५ पश्चिमी एशियामें आर्योंका राज्य।

१४११ से १३७५ मिस्रपर रजत-राजा (सिल्वर किंग) आमेनहोतेप तृतीयका शासन।

*१४०० से १२०० फिलिस्तीनमें यहूदी (हिब्रू) आकर बसे।

*१४०० हित्ताइतोंकी शक्ति पराकाष्ठापर।

१३७५ मितन्नी देशमें आर्य देवताओंकी पूजा।

१३७५ से १३५८ मिस्रपर संसारके प्रसिद्ध आदर्शवादी राजा अखनातोन (आमेनहोतेप चतुर्थ) का राज्य, जिसने सब देवताओंकी पूजा बन्द कराकर रा (रवि) देवताकी पूजा चलाई।

ई० पू०

१३६० से १३५० मिस्रपर तूतनखामेनका शासन ।

१२६२ से १२२५ मिस्रपर रामेसेस (रामाशीष) द्वितीयका शासन, जिसने रा–हरमाखिस (सूर्य)का मन्दिर बनवाया ।

१२२५ चीनमें शाङ् राजवंशके बदले चू राजवंशका शासन ।

*१२०० एशियाई मानव-जातिका अंत ।

*१२०० से ८०० योरोपीय मतानुसार ऋग्वेदका रचनाकाल ।

*१२०० सेमेटी जातिके एरामियोंने सुरियापर अधिकार जमाया ।

१०१० से ९७० यहूदी नेता सौलके जामाता डेविडने फिनीशियोंको हराया ।

१०२५ यहूदियोंके नेता सौलने जाति-संघटन किया ।

*१००० सम्भवत यूनानियोंने नौससका राजभवन नष्ट किया और यूनान, एशिया कोचक (माइनर) और एजीय द्वीपोंमें यूनानी लोग फैलकर बस गए ।

*१००० आमाय लोग एक लिपिका प्रयोग करते थे जो उन्होंने फिनीशियोंसे ली थी ।

९७० से ९३१ डेविडके पुत्र सोलोमनका शासन ।

९४५ मिस्रका राज्य छिन्न भिन्न ।

९३० मिस्रके फराओ (राजा) शिशाकने सोलोमनका मन्दिर लूटा ।

८१७ तेईसवें जैन तीर्थंकर पार्श्वनाथका जन्म ।

८१४ कार्थेज नगरका निर्माण ।

* ८०० (या ७००) से ५०० तक उत्तर भारतमें १६ महाजनपद थे—अंग मगध, काशी, कोशल, वृज, मल्ल,

ई० पू०

चेदि, वत्स, कुरु, पांचाल, मत्स्य, शूरसेन, अश्मक, अवन्ती, गान्धार, काम्बोज।

* ७७० यूनानके साथ भारतका व्यापार प्रारंभ हुआ।

७५२ रोम नगरकी स्थापना।

७४५ तिग्लथ पिलेसर तृतीयने असुरी (असीरियन) साम्राज्य स्थापित किया।

७३२ दमिश्क नगरका पतन।

७२२ असुरियोंके नेता सारगोन द्वितीयने इसराइलका राज्य जीता।

७२२ तिग्लथ पिलेसर चतुर्थने असुरियाका राज्य बढ़ाया।

७१९ तेईसवें जैन तीर्थङ्कर पार्श्वनाथका निर्वाण।

७०५ से ६८१ सारगोनके पुत्र सेनाकरिबने खल्दियों, बेबीलोनियों और यहूदियोंका दमन किया।

* ७०० होमरके गीतों (काव्य) का संग्रह हुआ और वे लेखबद्ध किए गए।

* ७०० से ६२५ फारसियोंका साम्राज्य विस्तार।

६६८ से ६२६ सेनाकरिबके पौत्र असुर-बानी-पालके समयमें असुरिया (असीरिया) का स्वर्णकाल।

६७१ असुरियों (असीरियावालों) ने मिस्र जीता।

६६४ से ६१० मिस्रमें सामेतिकसने देशी राज्य आरम्भ किया।

६६० जापानी राजा जिम्मूने जापानमें पहला राज्य स्थापित किया।

* ६६० ज़रथुस्त्र हुए, जिन्होंने जरथुस्त्री धर्म चलाया। ये ७० वर्ष संसारमें रहे। (कुछ लोग १०००ई०पू० मानते हैं।)

६५० राजा शिशुनागने अपनी राजधानी गिरिव्रजसे हटाकर

ई० पू०

राजगृह (बिहार) में बनाई और चालीस वर्ष राज्य किया।

[भगवान् श्रीकृष्णके समय मगधपर जरासंध राज्य करता था। उसके पुत्र सहदेवके पश्चात् इस वंशके तेईस राजा हुए जिनमें अन्तिम श्रुतञ्जय था। उसके अमात्य शुनकने श्रुतञ्जयको मारकर राज्य ले लिया। इस वंशकी छह पीढ़ियोंने १३० वर्ष राज्य किया। इसके पश्चात् शिशुनाग वंशकी १० पीढ़ियोंने २७८ वर्ष राज्य किया। इस वंशका अन्तिम राजा महानन्दी था जिसके पुत्र महापद्मनन्द या नवनन्दको मारकर चन्द्रगुप्त मौर्यने राज्य ले लिया और जिसके १० वंशज १३७ वर्षतक राज्य करते रहे। मौर्योंके अन्तिम राजा बृहद्रथको मारकर सेनापति पुष्यमित्र (पुष्पमित्र) ने शुङ्ग वंश चलाया जो आठ पीढ़ीतक चला। इसके पश्चात् काण्वनशके चार राजा ७३ ई० पू० से २८ ई० पू० तक राज्य करते रहे।]

६२५ महाकोशल-वालाने काशीका राज्य जीत लिया।

६२५ शाक्योंकी राजधानी कपिलवस्तुके पास लुम्बिनी वनमें शाक्य राजा शुद्धोदन और मायादेवीसे गौतम बुद्धका जन्म हुआ। इनका विवाह दण्डपाणि शाक्यकी कन्या गोपासे हुआ था। जिससे राहुल नामक पुत्र हुआ। ३० वर्षकी अवस्थामें गृहत्याग करके वे छह वर्षतक कठिन तपस्या करते रहे

ई० पू०

अन्तमें गयामें एक पीपलके (बोधि) वृक्षके तले ज्ञान प्राप्त करके अपने धर्मका प्रचार करते रहे। इनका पहला धर्म-चक्र-प्रवर्तन मृगदाव या ऋषि-पत्तन (वर्तमान सारनाथ) में हुआ था। वैशाख शुक्ल पूर्णिमाको ही इनका जन्म हुआ और ४४७ ई० पू० में उसी तिथिको ८० वर्षकी अवस्थामें इनकी मृत्यु हुई। (कुछ इतिहासकारोंने इनका जन्म ५६३ ई०पू० अथवा ५५० के लगभग माना है।)

६२४ यूनानमें ड्राकोने एथेन्सका नीतिविधान बनाया।

६२० से ५०० यूनानके सप्तर्षियों (व्यास, शिलन, क्लेओबलस, पेरियान्डर, पित्ताकस, सोलन, थलेस) का समय (नामोंके सम्बन्धमें मतभेद है।)

६१२ खल्दियों (कैल्डियन्स) ने असुरी साम्राज्य उखाड़ फेंका और निनेवे नगर ध्वस्त करके बाबुलमें राजधानी बनाई।

६०४ से ५६१ नबूखदनज़र (नबूकदरेज़ार) ने बाबुलपर राज किया जिसने अपनी रानी अमिताइश (अमुताग) के लिये संसारके सात आश्चर्योंमेंसे एक लटकन-उद्यान (हैंगिंग गार्डेन) बनवाया था।

०६०० से ५०० यूनानमें स्वेच्छाचारियों (टायरेण्ट्स) का शासन चला।

०६०० [illegible] ([illegible] उज्जयिनीके राजा [illegible]) थे।

ई० पू०

*६०० नाटककार भासका समय जिसने स्वप्नवासवदत्ता, प्रतिज्ञा-यौगन्धरायण, चारुदत्त, प्रतिमा, बालचरित, उरुभंग, पंचरात्र, रामदत्त, दूतवाक्य, मध्यम-व्यायोग, कर्णभरण, दूत-घटोत्कच, अभिषेक, अविमारक, दमक, त्रैविक्रम नाटक रचे थे।

*६०० ईरानियोंने मिस्र जीता।

५६४ सोलनने नीति-विधान बनाया।

५८६ नबूशदनज़रने यरुसलम और यहूदियोंका राज्य यूदा (जूदा) ध्वस्त किया और वह सहस्रों यहूदी नागरिकोंको बन्दी बनाकर बाबुल ले गया।

५८० यूनानी शिक्षा-शास्त्री पाइथागोरसका जन्म।

५५६ से ५२६ के बीच यूनानियोंने भारतपर आक्रमण किया किन्तु वे परास्त होकर भाग गए।

५५६ से ५२६ कापिशीके विजेता तथा ईरानके सम्राट् कुरु (साइरस) महान्का राज्यकाल।

*५५७ कोशलपर प्रसेनजित्, मगधपर बिम्बिसार, वत्सपर उदयन और अवन्तीपर चण्डप्रद्योतका शासन था।

५५२ मगधकी गद्दीपर अजातशत्रु बैठा।

५५० चीनमें कनफूची नामक दार्शनिक हुआ।

५५० चंडप्रद्योतकी कन्या वासवदत्तासे उदयनका विवाह।

५५० शकोंका अस्तित्व था।

५५० से ३६७ मगधका पहला साम्राज्य।

५४५ कुशीनगरमें भगवान् बुद्धका निर्वाण।

५४५ अवन्तीके राजा प्रद्योतकी मृत्यु।

ई० पू०

५४४ सिंहल-वासियोंके मतानुसार बुद्धके निर्वाण-संवत्का प्रारम्भ ।

५४० वैशाली (मुजफ्फरपुर जनपद, बिहार) में चौबीसवें जैन तीर्थंकर महावीरका जन्म हुआ। इनका जन्म-नाम वर्द्धमान था। ३० वर्षकी अवस्थामें घरबार छोड़कर ये साधु हो गए थे। ७२ वर्षकी आयुमें राजगृहके पास पावापुरीमें ४६० ई० पू० में इनका निर्वाण हुआ। [जैन मतके आदि प्रवर्तक श्रीऋषभदेवजी थे और महावीर स्वामी २४वें तथा अन्तिम तीर्थंकर हुए।]

५४० अजातशत्रुने वैशाली जीता ।

५४० यूनानमें पिसिस्ट्रेटसने बड़ा बेड़ा बनाया ।

५३९ साइरस (कुरु) महान्ने खल्दी साम्राज्य नष्ट करके ईरानी (पर्शियन) राज्य स्थापित किया ।

५२८ शैशुनाग वंशके पाँचवें मगध-नरेश राजा बिम्बिसार ने २८ वर्ष राज्य करके मगधका वैभव पुनः प्रदान किया ।

५२७ महावीरके निर्वाणका वीर-संवत् प्रारम्भ ।

५२५ ईरानियोंने मिस्रपर अधिकार जमा लिया ।

५२१ से ४८५ ईरानी सम्राट् दारयवहु (डेरियस) प्रथमका राज्यकाल ।

५१८ से ५१७ स्काइलेक्स (स्कुलाक)की सिन्धुकी यात्रा और भारतीय प्रदेशका अधिकार।

५१६ दारा (डेरियस)ने भारतपर आक्रमण करके कम्बोज, गन्धार और सिन्ध जीता ।

ई० पू०

५७० यूनानमें क्लीस्थेनेसका स्वर्ण-शासन।

५०० राजा बिम्बिसारके पुत्र अजातशत्रुका जन्म, जिसकी राजधानी पटना (पाटलिपुत्र) थी।

४९० यूनानमें माराथौनका युद्ध हुआ, जिसमें ईरानियोंसे लड़ते हुए यूनानके वीर मिल्तियादेसने यूनानकी रक्षा की।

४९० से २२६ रोमवालोंने इतालिया (इटली) को हस्तगत किया।

४८६ कैएग्नी मतानुसार बुद्धका निर्वाण।

४८० से ४७९ ज़रक्सीज़ने यूनानपर आक्रमण किया किन्तु राजनीतिज्ञ थेमिस्तोक्लेस द्वारा सालामिसके समुद्री युद्धमें पराजित हुआ।

४८० यूनानमें थरमोपोलीका युद्ध हुआ जिसमें स्पार्ताके राजा लिओनिदसने विजय पाई।

४७६ अजातशत्रुका स्वर्गवास।

४६९ यूनानके एथेन्स नगरमें सुकरातका जन्म हुआ। वह धर्म, राजनीति, विज्ञान और दर्शनका अच्छा प्रवक्ता था। उसके शत्रुओंने उसपर झूठे आरोप लगाकर उसे बन्दी कराया और अन्तमें ३९९ में ई० पू० उसे विष पिलाकर मार डाला।

४६७ पेरेक्लेसके समय यूनानमें एथेन्सका स्वर्णकाल।

*४६० से ४३० यूनानी नगर स्पार्ताका स्वर्णकाल।

४४३ से ३८० यूनानी व्यग्यनाटककार अरिस्तोफ़नेस।

४२० से ३७० यूनानी दार्शनिक प्लेटो या अफलातून।

ई० पू०

४११ काशीनरेश शिशुनागने मगधके राजाओंका अन्त किया।

४०० वासवदत्ता नाटकके रचयिता सुबन्धु।

*४०० व्याकरणके रचयिता पाणिनि हुए।

४०० से ३४० ई० पू० तक मिस्रमें स्वतन्त्र राज्य रहा।

३६३ भारतमें शिशुनाग वंशका अन्त हो गया।

३७१ नन्दवंशीय राज्य प्रारम्भ हुआ।

३६६ महापद्मनन्द मगधकी गद्दीपर बैठा।

३४० से ३३२ तक मिस्रपर ईरानियोंका पुनः अधिकार रहा।

३३७ फिलिपके नायकत्वमें मकदूनियावालोंने खायरोनिया-में यूनानियोंको हराया।

३३६ से ३२३ सिकन्दरका शासन काल।

३३४ से ३३२ सिकन्दरकी विजययात्रा।

३३२ सिकन्दरने मिस्रसे ईरानियोंको मार भगाया।

३२९ मकदूनियाके राजा फिलिपके पुत्र सिकन्दरने ईरानके सम्राट् दारयवहु द्वितीयको परास्त किया।

३२७ से ३२६ सिकन्दरका भारतपर आक्रमण।

३२५ सिकन्दर भारतसे लौटा।

३२४ मौर्य राजवंशका आविर्भाव।

३२३ ३३ वर्षकी अवस्थामें बैबिलोनमें सिकन्दरकी मृत्यु।

३२२ प्रसिद्ध कूटनीतिज्ञ चाणक्य (कौटिल्य अथवा विष्णुगुप्त) ने नन्दवंशका नाश करके चन्द्रगुप्तको मगधका राजा बनाया।

ई० पू०

३१२ जैनोंके अनुसार अवन्तीके शासकके रूपमें चन्द्रगुप्त मौर्यका राज्यारोहण।

३०५ सिकन्दरके सेनापति सेल्यूकस ने भारतपर आक्रमण किया किन्तु चन्द्रगुप्तसे हारकर उसने अपनी कन्या हेलनका विवाह चन्द्रगुप्तसे कर दिया और दहेजमें हिरात, कन्दहार, काबुल और बिलोचिस्तान प्रदेश दे दिए।

३०१ यूनानका राजदूत मैगस्थनीज सम्राट् चन्द्रगुप्तकी सभामें रहा।

३०८ यूनानी नास्तिक दार्शनिक ज़ीनोका प्रभाव।

३०० या २९८ चन्द्रगुप्त अपने पुत्र बिन्दुसार (अमित्रघात) को गद्दीपर बैठाकर साधु बन गया।

३०० यूनानी नास्तिक तत्त्ववेत्ता एपिक्यस (एपिकुरस) का प्रभाव।

२७३ बिन्दुसारका मँझला पुत्र अशोक गद्दीका स्वामी हुआ।

२७३ से २३२ तक अशोकका शासनकाल।

२६९ अशोकका नियमित राज्यारोहण हुआ।

२६४ यूनानमें प्रथम प्यूनिक युद्ध प्रारम्भ।

२५८ अशोकने कलिंगमें हत्याकाण्ड करके बौद्ध धर्म स्वीकार किया और बहुतसे स्तूप, स्तम्भ और विहार बनवाए।

२५० अशोकने दिग्विजय की।

२४६ से २१० तक चीनमें शी-हाङ्-तीन राज्य किया।

२४५ . तक काबुलमें राजा सुभागसेनका शासन।

ई० पू०

२५४ अशोकने बुद्धगयागमन किया।

२३२ सम्राट् अशोककी मृत्यु।

२३२ से २११ मगधपर अशोकके पुत्र कुणाल तथा उसके पौत्र दशरथ और सम्प्रतिका शासन।

२२० सातवाहनों या शालिवाहनोंने आन्ध्र-राज्यकी स्थापना की।

२१८ से २०२ यूरोपमें द्वितीय प्यूनिक युद्ध या हैनिबालीय युद्ध हुआ।

२०५ एशियाके राजा अन्तियोकका भारतपर असफल आक्रमण।

१८७ मौर्योंके ब्राह्मण सेनापति पुष्यमित्रने अन्तिम मौर्य राजा बृहद्रथका अन्त करके राज्य ले लिया। पुष्यमित्रसे राजसत्ताका प्रारम्भ।

१७२ शुंगवंशीय ब्राह्मणोंका मगध राज्य भी पुष्यमित्रके हाथमें आ गया।

१६५ बैक्ट्रियाका राजा प्लेटो था।

१६२ बैक्ट्रिया तथा भारतीय सीमान्तके शासक यूक्रेतिदेसने 'महान्' की पदवी धारण की।

१५५ यूनानी शासक मिनेन्दर (मीनेंद्र) ने भारतपर आक्रमण किया किन्तु सेनापति पुष्यमित्रने उसे स्यालकोट-तक खदेड़ भगाया।

१५० पाणिनीय व्याकरणके भाष्यकार पतञ्जलिने पुष्यमित्रसे अश्वमेध यज्ञ कराया।

० पू०

१४८ सेनापति पुष्यमित्रकी मृत्यु ।

१४६ रोमवालोंने कार्थेज और कोरिन्थ नगर ध्वस्त किया ।

१४५ से १०१ सिंहलका शासक एलारा चोल रहा ।

१४० तक्षशिलाके राजाके राजदूत हेलियोदोरसने कई स्थानोंपर विशाल गुफाएँ बनवाईं और गरुडध्वज स्थापित किया ।

[तक्षशिलाकी स्थापना भरतके पुत्र तक्षने की थी और यहींपर राजा जनमेजयने सर्पयज्ञ किया था । यहीं चाणक्यका जन्म हुआ । यहाँके प्रसिद्ध विद्यापीठोंमें दूर-दूरसे विद्यार्थी पढ़ने आते थे ।]

१३८ से ८८ पूर्वी ईरानमें शकों और पार्थियाके राजाओंका संघर्ष ।

१३४ युधिष्ठिर सम्वत् ३००८ में जैसलमेरके यदुवंशीय राजा रजके पुत्र राजा गजसिंहने गजनी नगर बसा-कर वहाँ अपनी राजधानी बनाई । जिस समय राजभवनमें राजकुमार गजके विवाहकी धूमधाम थी उसी समय खुरासानके बादशाह फरीदशाहने रज-पर आक्रमण किया किन्तु हार गया । कुमार गज भी उस युद्धमें फरीदशाहके विरुद्ध लड़े थे । इसी युद्धके पश्चात् देवीका वरदान पाकर गजसिंहने गजनी नगर बसाया और कश्मीरके राजाकी कन्यासे विवाह किया । इसका पुत्र शालिवाहन ही उसके पीछे गजनीकी गद्दीपर बैठा जिसका विवाह

ई० पू०

दिल्लीके राजा जयपालकी कन्यासे हुआ था। शालिवाहनका पुत्र बुलन्दहिंद फिर गजनीका राजा हुआ जिसका पुत्र भूपत और भूपतका पुत्र चकैतु हुआ। चकैतुको मुसलमानोंने बलपूर्वक मुसलमान बना लिया और तबसे गजनीपर मुसलमानी शासन चल पड़ा। ये नरनाह मुसलमान वंशपाल, जिनमें अकबर भी था, सब चकैतुके वंशज ही हैं।

१३३ तिबेरियस सम्राटकी मृत्यु।

१२६ चीनी राजदूत चङ्ग क्यिँनने ओक्सस प्रान्तमें यू-एह चसे भेंट की।

१२१ केलस मारसकी मृत्यु।

१२० चरक-संहिताके रचयिता चरक मुनिका जन्म हुआ।

११० मिनेन्दर (मीनेन्द्र) ने पुनः भारतपर आक्रमण किया और स्यालकोट-पर अपना अधिकार जमा लिया। बौद्धोंके अनुसार यह बौद्ध बन गया।

१०० से ५८ तक उज्जैनपर शकोंका शासन।

१०० सातवाहन वंशके सिमुक नामक राजा प्रतिष्ठान (पैठन) में राज्य करते थे।

८६ सब इतालवी लोग रोमी नागरिक हो गए।

७२ से २७ तक काण्व-वंशी ब्राह्मणोंने मगधपर राज्य किया।

५८ से ५० जूलियस सीज़रने गौल प्रदेश जीता।

५८ कृत-मालव विक्रम संवत्का आरम्भ।

५७ उज्जयिनीके गणराजा विक्रमादित्यने शकोंको

ई० पू०

परास्त किया। उनके नवरत्नोंमें ये लोग माने जाते हैं—धन्वन्तरि, क्षपणक, अमरसिंह, शंकु, वेताल-भट्ट, घटखर्पर, कालिदास, वराहमिहिर, वररुचि। ये विक्रमादित्य राजा भर्तृहरिके छोटे भाई थे। इन्होंने शक नहपाणको युद्धमें परास्त करके उस विजयके उपलक्ष्यमें नया संवत् चलाया जो विक्रम संवत्के नामसे प्रसिद्ध है। पीछे चलकर बहुतसे राजाओंने अपना नाम विक्रमादित्य रक्खा और उन नवरत्नोंके नामपर बहुतसे लोगोंने अपना नाम कालिदास, वराहमिहिर, धन्वन्तरि आदि रख लिए। इसीलिये बहुत लोगोंको यह भ्रम हो गया है कि वास्तविक नवरत्न अलग अलग समय-में हुए जिन्हें किसी कविने एक श्लोकमें जोड लिया है।

५७ से ३८ पार्थियाई (पार्थियन) शासकोंकी मुद्राओं-पर चौकोर अक्षर चले।

५७ महाकवि कालिदासका जीवनकाल, जिन्होंने रघुवंश, कुमारसम्भव, मेघदूत और ऋतुसंहार नामक काव्य तथा अभिज्ञानशाकुन्तल, विक्रमोर्वशीय और मालविकाग्निमित्र नामक नाटक लिखे।

४८ सीज़रने फार्सालसके युद्धमें पोम्पेको हराया।

४४ सिंहलपर तमिल राजाओंका शासन।

४४ • जूलियस सीज़रकी हत्या की गई।

ई० पू०

३१ ओक्टावियस सीजरने आक्टियममें एन्तोनीको हराया।

३० रोमवालोंने मिस्रपर अधिकार किया।

३० पूर्वीय मालवामें शुङ्ग-काण्व शासन समाप्त।

३० दक्षिण भारतपर सातवाहनोंका अधिकार।

२७ सातवाहन-राज्यका आरम्भ, जो लगभग १०० वर्षतक रहा।

२६ यूनानी सम्राट् ऑगस्टस सीजरकी राजसभामें भारतीय राजदूत भेजे गए।

२ यू-एह्-ची राजाने एक चीनी अधिकारीको बौद्ध धर्मकी शिक्षा दी।

ईसवी सन्

१ २५ दिसम्बरको राजा हेरोदके राज्यकालमें बैथलहम नगरमें ईसाका जन्म हुआ। इनके पिताका नाम यूसुफ और माताका नाम मेरी था। इन्हें अपना धर्मप्रचार करनेमें बड़ी कठिनाई पड़ी यहाँतक कि ३१ मार्च सन् ३० ई० को लकड़ीके दगचेपर हाथ पैरमें कील ठोककर इन्हें लटका दिया गया। पीछे चलकर ईसाई धर्मके भी अनेक रूप हो गए जैसे—रोमन कैथलिक, सीरियन, पाकनानेस्टारी, आर्मनी, ग्रीक प्राटेस्टेन्ट जैसुइत आदि।

१ अर्थात् ५७ विक्रमी सवत्से ईसवी सन् प्रारम्भ जो ईसाके जन्मकालसे प्रचलित है।

[ईसासे ५०० से अधिक वर्षों पूर्वतक यारपमें रोम नगरका स्मारक सन् चलता था। रोमन सम्राट् जूलियस सीजरने ३६० दिनके बदल

ईसवी सन्

३६५ दिनका सवत् चलाया। ५३२ ई० मे दियनृसियस एक्सीगनस नामके पादरीने पुन सशोधन करके ईसाके जन्मकालसे सन् चलानेकी आज्ञा निकाली। किंतु फिर भी प्रति वर्ष २७ पल और ५५ विपलका अन्तर पड़ता हो रहा। सन् १७२६ मे यह अन्तर बढ़ते-बढ़ते ११ दिनका हो गया, तब ग्रेगरीने आज्ञा निकाली कि इस वर्ष २ सितम्बरके पश्चात् ३ सितम्बरको १४ सितम्बर कहा जाय और प्रति चौथे वर्ष २८ दिन की फरवरीके बदले २६ दिनकी फरवरी मानी जाय उन्होंने गणितके द्वारा स्थिर किया गया कि ईसाका जन्म रोमी सवत् ७५३ के २५ दिसम्बरको हुआ है। क्योंकि रोम सवत्का आरम्भ १ जनवरी से होता है अत सुगमताके लिये ईसवी सन्का आरम्भ भी पहली जनवरीसे मानना चाहिए। इसलिये वर्षका आरम्भ २५ दिसम्बरके बदले १ जनवरीसे माना जाय। यह आज्ञा इटली, डेनमार्क और हौलैण्डने १८३५ में, आयरलैण्डने १८३६ म और रूसने १८५६ में मानी। दो बार सुधार होनेपर भी ईसवी सन्‌मे सूर्यकी गतिके कारण प्रतिवर्ष एक पलका अन्तर पड़ता जा रहा है जिसे सुधारनेका भी प्रयत्न हो रहा है।]

३० से ७७ ई० तक कुशाण राजा कपसका पुत्र विम-कपस पजाब, सिन्ध और मथुरापर

ईसवी सन्

शासन करता था। यद्यपि कुशाण बौद्ध थे किन्तु मिम शेष हो गया था।

६८ यहूदी लोग महामारीसे पीड़ित होकर भारतवर्षमें आकर बस गए।

७० से १०० तक चोल (शोल) राजा करिकालन् हुआ, जिसकी राजधानी कावेरीके पूमपुहार खपुर (त्रिचनापल्ली) थी। इसके पश्चात् कुछ कालतक चेर राज्य भी चला जो तमिलोंपर राज्य करते थे। उसके पश्चात् पाड्योंने राज्य किया। इस प्रकार दक्षिण भारतमें चोल, चेर, पाड्य तथा सातवाहन राजाओंने २५० ई० तक राज्य किया।

७८ कनिष्क ही विमकपसका उत्तराधिकारी हुआ। इसने मध्यप्रदेश और मगधतक अपना राज्य फैला लिया था।

७८ कनिष्कने अपना शक संवत् चलाया और २० वर्ष-तक राज्य किया। यह अपनेको देवपुत्र कहता था।

*७८ बौद्ध विद्वान्, दार्शनिक, कवि तथा नाटककार अश्वघोष, उनके शिष्य नागार्जुन, आयुर्वेदके प्रसिद्ध आचार्य चरक और सुश्रुत, अमरकोषके रचयिता अमरसिंह और मातृचेट सब इसी कालके माने जाते हैं।

८५ मध्यभारतका राजा नहपाण हुआ।

१०० मृच्छकटिक नाटकका रचयिता शूद्रक (इन्द्राणीगुप्त) नामक ब्राह्मण कवि था।

ईसवी सन्

१०० महाराज कनिष्कने बौद्धोंकी बहुत बड़ी सभा बुलाई।

१०७ सातवाहन-वंशाय राजा गौतमीपुत्र शातकर्णी हुए।

१०६ से १४० तक राजा हुविष्क ही कनिष्कके पश्चात् राजा हुआ। इसने हिन्दचीनपर भी शासन किया और भारतके व्यापारियोंको उसी समय सोनेकी बहुत सी खानें मिलीं जिससे वह प्रदेश स्वर्णभूमि कहा जाने लगा। मलाया प्रायद्वीप और सुमात्राका उत्तरी भाग स्वर्णद्वीप और शेष सुमात्रा-जावा मिलाकर यवद्वीप कहलाता था।

११७ रोम सम्राट् ट्राजनकी मृत्यु और रोम साम्राज्यका अत्यधिक विस्तार।

१४० कुशिक सम्राट्की ओरसे उज्जयिनीका महाक्षत्रप चष्टन हुआ जिसका पौत्र रुद्रदामन अत्यन्त योग्य शासक था।

*१४० से १७० तक नागराज नवनागने कौशाम्बीको जीतकर कान्तिपुरी (कन्तित, वर्तमान मिर्जापुर) में राजधानी बनाई और अपने वंशका नाम भारशिव रक्खा।

१४१ से १७६ तक वासुदेवने दक्षिण भारतपर राज्य किया।

१५० रुद्रदामनने अपने समर्थोंको हराकर सिन्ध, मारवाड़, कच्छ, सौराष्ट्र, गुजरात और मालवा-तक अपने अधिकारमें कर लिया।

१५० से १८० तक तुखार कुशाणोंका राज्य रहा।

*१७० से २१० तक नवनागके उत्तराधिकारी वीरसेनने मथुरा-से भी तुखार (शक) सत्ता उखाड़ फेंकी। भारशिवोंने दस बार अश्वमेध यज्ञ किया।

ईसवी सन्

१८० रोम सम्राट् मार्कस औरेलिअसकी मृत्यु तथा रोम-साम्राज्यमें अशान्ति और विद्रोह।

१८० से १९० तक ईश्वरसेन आभीरने समूचे शक-राज्यपर अधिकार कर लिया।

१९० में चम्पाराज्य स्थापित हुआ जो १२०० वर्षतक चलता रहा। स्वर्णभूमिके साथ इसका अधिक सम्बन्ध था। चम्पा राज्य स्थापित हो जानेके कारण भारतका जल और थल दोनों मार्गोंसे चीनसे सम्बन्ध हो गया।

२१३ चीनके सम्राट् चिन्ने दिग्विजय करके सब प्राचीन ग्रन्थ जलवा दिए और सब विद्वानोंका इसलिये वध करा डाला कि मैं ही सर्व प्रथम राजा माना जाऊँ।

२१३ मानदास उदासीनका जन्म। ये हिन्दू थे। सन् १२०६ ई० तक भारतवासी उदासीन साधुओंका दल योरपमें विद्यमान था। ईसाई धर्मसे पूर्व योरपमें अलबेगी उदासी साधु थे और सन्त आगस्टाइन भी ईसाई होनेसे पहले उदासीन साधु हो था। यह उदासीन सम्प्रदाय सृष्टिके प्रारम्भसे ही अविच्छिन्न रूपसे चला आ रहा है और इसमें दीक्षित साधु देश विदेशमें निरन्तर धर्मका प्रचार करते रहे।

२२४ ईरानमें पाथाय राजवंश समाप्त होकर सासानी राजवंश चला।

२२५ से २२१ तक भारतसे कुशाण और आन्ध्र साम्राज्य नष्ट हो गया।

ईसवी सन्

* २४८ से २८४ तक विन्ध्यशक्ति भारशिवने राज्य किया। उसके शासनके श्रारम्भसे चेदि सम्वत् चला।

२५० से ३३० तक वाकाटकोंका साम्राज्य मध्यभारतसे उत्तर भारत-तक फैला श्रौर भारशिवोंकी सारी सत्ता वाकाटकोंके हाथमें श्रा गई।

* २५५ से २६५ नाग सम्राट्के जामाता वीरकूर्च या कुमारविष्णुने श्रान्ध्र श्रौर तमिल देश जीता। इसका वंश पल्लव वंश कहलाया।

२७४ सासानी राजाने रोम सम्राट्को कश्मीरी शाल भेंट किया जिसकी बारीकी श्रौर कला देखकर वे दङ्ग रह गए।

* ३०० नारद-स्मृतिकी रचना हुई।

३०१ से ३०६ काबुलकी राजकुमारीके साथ होर्मिज्द द्वितीयके विवाहके अवसरपर कश्मीरके जुलाहोंने वस्त्र बनाए।

३१२ रोमका सम्राट् ईसाई हो गया श्रौर उसने श्रपने नामपर कुस्तुन्तुनियाँ (कौंस्टेन्टिनोपिल) नगर बसाया।

३१३ रोमके ईसाई सम्राट्ने रोम साम्राज्यमें ईसाई धर्मका श्रादर करनेकी घोषणा की।

३२० चन्द्रगुप्तने गुप्त राज्यकी स्थापना की श्रौर गुप्त सम्वत् चलाया। पाटलिपुत्र उसकी राजधानी थी। उसका विवाह लिच्छिवी राजकन्यासे हुश्रा था।

३३० चन्द्रगुप्तकी मृत्यु। उसका पुत्र समुद्रगुप्त राजा हुश्रा।

३३० वाकाटकोंको पराजित करके गुप्त साम्राज्यका विस्तार।

३३६ से ५२६ रुद्रसेन, मद्रवर्मन्, गङ्गराज, देववर्मन्

ईसवी सन्

और [?]वर्मन् नामके ५ राजा चम्पा (अनाम) में हुए। इनमें पुत्र अशान नामके भी एक राजा हो चुके हैं। ७५७ ई० में चम्पाका राज्य नवीन वंशके शासक सत्यवर्मन्के हाथमें आया। ८६० ई० में विक्रान्तवर्मन्‌की मृत्युके पश्चात् भद्रवर्मा राजा हुए। ९९२ ई० में इन्द्रवर्मन्‌की मृत्यु हुई। १०६९ ई० में चतुर्थ रुद्रवर्मन्, ११३९ ई० में द्वितीय इन्द्रवर्मन्, १०७२ ई० में जयहरिवर्मदेव, १२५७ ई० में दशम इन्द्रवर्मन् और १३११ ई० में चन्द्रवर्मन् राजा हुए। इस प्रकार १५०० ई० तक चम्पा (अनाम) में भारतीय हिन्दू राजा रहे। शिलालेखोंसे विदित होता है कि यहाँके लोग शिवके उपासक थे किन्तु साथ ही वैष्णव, शाक्त और बौद्ध धर्मका भी प्रचार था और समाज-व्यवस्था भी भारतीय हिन्दू ढंगकी थी।

३४० समुद्रगुप्त भारतके सम्राट् माने गए। उन्होंने अश्वमेध यज्ञ किया और वैष्णव मतका प्रसार किया। ये कवि, संगीतज्ञ, पराक्रमी, उदार और प्रजाके हितकारी थे। उन्होंने दिग्विजय भी की थी।

३७२ कोरियामें बौद्धधर्म स्थापित हुआ।

३८० समुद्रगुप्तका देवधाम प्रस्थान।

३८० से ४१३ समुद्रगुप्तका प्रतापी पुत्र द्वितीय चन्द्रगुप्त मगधका सम्राट् हुआ।

ईसवी सन्

३६५ थियादोसियसने दोनों धर्मोंसे रोम साम्राज्य बँट गया।

३६६ चीनी यात्री फाहियान चीनसे चलकर गोबी मरुस्थल, पामीरका पठार और हिन्दुकुश पर्वत लाँघता हुआ भारतमें आया।

* ४०० पातञ्जल योगसूत्रके भाष्यकार व्यास तथा सांख्यतत्त्व कौमुदीके लेखक ईश्वरकृष्ण हुए।

४०१ फाहियान पञ्जाब पहुँचा और वहाँसे विहार आया।

४०१ से ४१३ कुमारजीवने चीन जाकर अश्वघोष और नागार्जुनके ग्रन्थोंका चीनी भाषामें अनुवाद किया।

४०५ फाहियानने पटनेमें रहकर संस्कृत भाषा पढ़ी।

४१० अलारिकके नायकत्वमें विसिगोथोंने रोम नष्ट कर दिया।

४१० ताम्रलिप्ति पोतस्थल (बन्दरगाह) से समुद्री मार्ग द्वारा लङ्का और जावा होता हुआ फाहियान लौट गया और ४१४ ई० में अपने देश पहुँच गया।

४१३ से ४५५ तक द्वितीय चन्द्रगुप्तका पुत्र कुमारगुप्त मगधका राजा रहा जिसने राजगृहके पास नालन्दा महाविहारकी नींव डाली।

४३७ मन्दसोरमें कोणार्कका मन्दिर बना जो उड़ीसामें भुवनेश्वरसे १५ मील दूर समुद्र तटपर है। इसे राजा नृसिंहदेव (१२३८ से १२६४) ने पुनः बनवाया। जो शिल्पकलाका उत्कृष्ट रूप है।

४४५ से ४५३ तक अत्तिलके नायकत्वमें हूणोंका आक्रमण...

ईसवी सन्

४५५ से ४६७ कुमारगुप्तका पुत्र स्कन्दगुप्त मगधका राजा हुआ जिसने हूणोंको पराल्त किया।

४५५ वन्दालोंने रोम लूट लिया।

* ४६५ गुप्त राजा बौद्ध बने।

४७३ कुसुमपुर(पटना)में आर्यभट्ट ज्योतिषीका जन्म हुआ।

४७६ रोम साम्राज्यका अन्त।

४८४ हूणोंने तोरमाणके नेतृत्वमें पञ्जाब, राजपूताना और मध्यप्रदेश अपने अधिकारमें कर लिया। ये शैव थे।

४८४ ईरानका शाह फ़ीरोज़ मारा गया।

४८६ चीनमें फानचिन नामक नास्तिक दार्शनिकका जन्म।

* ४९० से ५२० वाकाटक राजा हरिषेणने अवन्तिसे कुन्तल और कलिंग-तक अपना राज्य फैला रक्खा था।

* ५०० विष्णुशर्माने पञ्चतन्त्र लिखा।

* ५०० अजन्ताकी लेणोंमें चित्र बनने प्रारम्भ हुए।

५०५ प्रसिद्ध ज्योतिषी वराहमिहिरका जन्म। कुछ लोगोंने बताया है कि इनका नाम मिहिर और इनके पिताका नाम वराह था। *इनकी मृत्यु ५८६ ई० में हुई।

*५१० गुप्त-साम्राज्य अपने परम वैभवपर रहा।

५११ शैव तोरमाणका पुत्र हूण मिहिरकुल राजा हुआ।

५१८ चीनी यात्री सुगमन भारत आया।

५२४ सिंहलद्वीपके राजा कुमारदास (मौग्गलायन या मौद्गलायन) की मृत्यु हुई, जिन्होंने जानकी-हरण-महाकाव्य लिखा।

ईसवी सन्

* ५२७ बालादित्यने हूण मिहिरकुलको हराकर छोड़ दिया। वह भागकर कश्मीरके राजाकी शरणमें गया और फिर उनका राज्य छीन लिया। उसने गान्धार-पर चढ़ाई करके भीषण जनसंहार किया और तक्षशिला नगर निर्जन कर दिया।

५३० यशोधर्मन्‌ने मगध-नरेश नरसिंह बालादित्यकी सहायतासे हूणोंको परास्त करके खदेड़ दिया।

५३८ जापान भी बौद्ध हो गया।

* ५५० चालुक्य पुलकेशीने कदम्बोंसे वातापी (बीजापुर जिलेका बादामी) नगर जीतकर अश्वमेध यज्ञ किया।

५५७ से ५६७ ईरानके प्रसिद्ध राजा नौशेरवाँने मध्य एशियामें भी हूणोंको समाप्त कर दिया।

५६५ से ६३० मध्य एशियामें तुर्कोंकी प्रधानता।

५६६ से ६०४ स्कन्दगुप्त द्वितीयने अयोध्यामें राज्य किया।

५७० २२ अप्रैलको अरबके मक्का नगरमें कुरैशी-वंशीय पिता अब्दुल्ला और माता आमीनासे मुहम्मद साहबका जन्म हुआ जिन्होंने इस्लाम धर्म चलाया। ये ख़ुदा (ईश्वर) के पैगम्बर (दूत) माने जाते हैं।

५७० से ६३२ इस्लाम धर्मके प्रवर्त्तक मुहम्मदका जीवनकाल।

५७४ काशीमें जङ्गमबाड़ी स्थानपर वीरशैव सम्प्रदायका मठ स्थापित हुआ जिसमें अबतक ८४ महन्त हो चुके हैं। वर्तमान महन्त श्री विश्वेश्वर शिवाचार्य स्वामी हैं।

ईसवी सन्

५७१ से ५६५ तक रोमके सम्राट् जस्टीनियनका शासन।

५८० थानेश्वरके राजा प्रभाकरवर्द्धनने हूणोंको परास्त किया। इनके दो पुत्र राज्यवर्द्धन और हर्षवर्द्धन तथा एक कन्या राज्यश्री थी।

५८० (६३७ वि०) में भुवनेश्वर-मन्दिरका निर्माण प्रारम्भ हुआ जो ललाटेन्दु केशरी नरेशके समय विक्रम सम्वत् ७१४ में पूरा हुआ।

५८० भोजदेवने धारा नगर बसाया।

५९० शक सम्वत् ५११ की ज्येष्ठ कृष्णा १२ को रात्रि १० बजे हर्षवर्द्धनका जन्म हुआ।

५९० पल्लव-राजा सिंहविष्णुने सिंहल जीत लिया।

५९४ (६५१ वि०) में सिन्धका सक्खर नगर बसाया गया जिसे पुराना सक्खर कहते हैं। इसीके पास सन् १८४३ में अँगरेजोंने नया सक्खर बसाया।

५९७ कुमारिल भट्टका जन्म, जिनकी मृत्यु ६० वर्षकी अवस्थामें ६५७ ई० में हुई।

६०० भववर्मा नामके कम्बोज-नरेश थे।

* ६०० किरातार्जुनीयके रचयिता तथा द्वितीय पुलकेशीके अनुज राजा विष्णुवर्द्धनके सभापण्डित भारवि कवि जीवित थे।

६०० दक्षिणके शैव महात्मा सन्त अप्पार स्वामीका जन्म हुआ। इनका देवलोक ६८१में हुआ।

६०४ से ६१४ तोरमाण हूणने पञ्जाबमें स्यालकोटको राजधानी बनाकर राज्य किया।

ईसवी सन्

६०५ थानेश्वरके राजा प्रभाकर-वर्द्धनकी मृत्यु हुई और राज्य-वर्द्धन गद्दीपर बैठा।

६०५ कन्नौजके मौखरी राजा ग्रहवर्मनका वध और राज्यश्रीका अपहरण।

६०५ बङ्गालके राजा शशाङ्कके हाथसे राज्यवर्द्धनकी मृत्यु।

६०६ थानेश्वरकी गद्दीपर महाराज हर्षवर्द्धनका राज्यारोहण। हर्षवर्द्धन संवत्का प्रारम्भ।

६०८ से ६४२ गुजरात, कोशल (छत्तीसगढ़) और आन्ध्रके शासक सत्याश्रय पुलकेशी भी हर्षके समान प्रतापी था। उसने पल्लवराज सिंहविष्णुके पुत्र महेन्द्रवर्माको हराया।

* ६१० से ६५० कादम्बरी तथा श्रीहर्षचरितके रचयिता और हर्षवर्द्धनके सभाकवि बाणभट्टका समय।

६१८ से ६४६ महेन्द्रवर्माने ६१८ ई० में और नरसिंहवर्मा ने ६४६ ई० में पुदुकोट्टै राज्यमें सित्तनवासलकी गुफाओं पर अजन्ताके से भित्ति चित्र बनवाए।

६२२ १५ जुलाईको मुहम्मद साहब मक्केसे भागकर (हिजरत करके) मदीने चले गए।

६२२ १५ जुलाईसे मुसलमानोंका हिजरी सन् चला, जो खलीफा उमरने बड़े-बड़े विद्वानोंकी सम्मतिसे प्रारम्भ किया। यह सन् शुद्ध चान्द्र तिथियोंके अनुसार चलता है। इसका प्रत्येक मास द्वितीयाके चन्द्र-दर्शनसे प्रारम्भ होता है और तिथियाँ सायंकालसे प्रारम्भ होती हैं। इनका

ईसवी सन्

चान्द्रमास २६ दिन, ३१ घड़ी, ५० पल और ७ विपल का होता है।

६२५—६२६ ईरानके राजा खुसरो द्वितीयने सत्याश्रय पुलकेशीके दरबारमें अपने राजदूत भेजे।

६२६ चीनी यात्री हीनसाङ् चीनसे भारतके लिये चला।

६३० हीनसाङ् भारतमें आया और ६४३ ई० में लौट गया। वह महायान सम्प्रदायका बौद्ध था। उसने हर्षवर्द्धनके राज्य शासनका विस्तृत विवरण दिया है।

६३० चीनवालोंने उत्तरी तुर्कोंका प्रदेश जीत लिया।

६३० ख़ोतानके राजा विजयसंग्रामने तुर्कोंपर चढ़ाई करके उनका संहार कर दिया।

६३० सम्राट् स्रोंचनने समस्त तिब्बतपर अपना अधिकार कर लिया और ल्हासा नगरकी स्थापना की। इसका पहला विवाह नैपाल-नरेश अंशुवर्माकी कन्या भृकुटीसे तथा दूसरा विवाह चीनी राजकुमारीसे हुआ था। इसने तिब्बत-वासियोंके जीवनमें बड़ा सुधार किया और ६५० ई० तक राज्य किया।

६३२ मदीनेमें मुहम्मद साहबकी मृत्यु हुई। इन्होंने कुरानकी रचना की जिसका आदर मुसलमान लोग वेदके समान करते हैं। मुहम्मद साहबके पश्चात् चार खलीफा प्रसिद्ध हुए—अबू बकर (६३२ से ६३४ ई०), उमर (६३४ से ६४३ ई०), उसमान (६४३

ईसवी सन्

से ६५५ ई०) और अली (६५५ से ६६१ ई०)। इनके धर्मप्रचारका प्रभाव यह पड़ा कि ईरानी लोग बलपूर्वक मुसलमान बना लिए गए।

६३७ भारतपर मुसलमानोंका पहला आक्रमण।

६४० मिस्रपर मुसलमानोंका आक्रमण।

६४१ हर्षवर्द्धनने अपने दूत चीन भेजे जो दो वर्ष वहाँ रहे।

